संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, रविवार, 15 अक्टूबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 276 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शानदार 86 रनों की पारी खेली।

## 'बीआरएस मतलब 'बीजेपी रिश्तेदार समितिः राहुल गांधी

'तेलंगाना में कांग्रेस सरकार एक जॉब कैलेंडर जारी करेगी और संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर तेलंगाना राज्य प्रशासनिक सेवा आयोग का फिर से गठन किया जाएगा'

**टीम एक्शन इंडिया/हैदराबाद**
**कांग्रेस ने** शनिवार को तेलंगाना की बीआरएस सरकार पर जमकर हमला बोला। राज्य में 23 साल की एक महिला द्वारा आत्महत्या करने को लेकर राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि युवाओं के सपनों की हत्या है। राहुल गांधी ने कहा कि बीते 10 सालों में बीजेपी रिश्तेदार समिति बीआरएस और भाजपा ने मिलकर अपनी अयोग्यता के चलते राज्य को बर्बाद कर दिया है।



**राहुल गांधी ने बीआरएस सरकार पर साधा निशानाः** राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखे एक पोस्ट में कहा कि 'तेलंगाना में कांग्रेस सरकार एक जॉब कैलेंडर जारी करेगी और संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर तेलंगाना राज्य प्रशासनिक सेवा आयोग का फिर से गठन किया जाएगा और एक साल में सरकारी पदों पर दो लाख भर्तियां की जाएंगी। यह गारंटी है।'

**साधा निशाना**

8 बीते 10 सालों में बीजेपी रिश्तेदार समिति बीआरएस और भाजपा ने मिलकर राज्य को बर्बाद कर दिया है

राहुल गांधी ने लिखा कि 'यह आत्महत्या नहीं है बल्कि यह सपनों, उम्मीदों और युवाओं की आकांक्षाओं की मौत है।' बता दें कि हैदराबाद के अशोक नगर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही एक 23 वर्षीय महिला ने अपने हॉस्टल में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। इसे लेकर तेलंगाना में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## फास्ट न्यूज

### नवरात्रि के पहले दिन माता शैलपुत्री रूप की पूजा होती है



**नवरात्रि** के पहले दिन देवी दुर्गा के माता शैलपुत्री रूप की पूजा की जाती है। इस दिन प्रातः जल्दी उठकर स्नान के बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करें। इसके बाद मंदिर को अच्छे से साफ करें। पूजा के पहले अखंड ज्योति प्रज्वलित कर लें और शुभ मुहूर्त में घट स्थापना कर लें। अब पूर्व की ओर मुख कर चौकी पर लाल वस्त्र बिछाएं और माता का चित्र स्थापित करें। सबसे पहले गणपति का आह्वान करें और इसके बाद हाथों में लाल रंग का पुष्प लेकर मां शैलपुत्री का आह्वान करें।

### कोर्ट की सहनशीलता की भी एक सीमा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि तुच्छ मामलों को लेकर न्यायालयों की सहनशीलता की भी एक सीमा है। इस टिप्पणी के साथ शीर्ष अदालत ने बॉम्बे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। याचिका में दावा किया गया था कि जस्टिस उपाध्याय को दिलाई गई शपथ दोषपूर्ण थी। सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा, हमारे एक-एक मिनट की कीमत है।

## रोहित के तूफान में उड़ी बाबर ब्रिगेड

= भारत की विश्व कप में पाकिस्तान पर लगातार आठवीं जीत, सात विकेट से हराया

**शानदार जीत**

8 टीम इंडिया ने विश्व कप इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ अपने जीत का क्रम जारी रखा



**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
**अहमदाबाद** के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पाकिस्तान की टीम 42.5 ओवर में 191 रन पर सिमट गई। जवाब में भारत ने 30.3 ओवर में तीन विकेट पर 192 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। टीम इंडिया ने विश्व कप इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ अपने जीत का क्रम जारी रखा। उसकी यह आठवीं जीत है। अब तब भारत उसके खिलाफ इस टूर्नामेंट में नहीं हारा है।

**छोटी पारी के दौरान में दिखे शुभमन गिलः** पाकिस्तान से मिले 192 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। डेंगू से ठीक होकर लौटने वाले शुभमन गिल 11 गेंद पर 16 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके लगाए। शाहीन अफरीदी ने शादाब खान के हाथों उन्हें कैच कराया। शुभमन लय में नजर आए और यह आगे के मैचों के लिए टीम इंडिया के नजरिए से अच्छी खबर है। उनके आउट होने के बाद विराट कोहली क्रीज पर आए। कोहली ने रोहित के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी की। पाकिस्तान के खिलाफ आमतौर पर बड़ी पारी खेलने वाले विराट इस मुकाबले में कुछ खास नहीं कर सके। वह क्रीज पर टिकने के बाद आउट हो गए।

**रोहित शर्मा ने की छक्कों की बारिश**

रोहित शर्मा लगातार दूसरे मैच में शतक लगाने से चूक गए। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ 131 रन की पारी खेली थी। इस मैच में भी उनके पास शतक लगाने का मौका था, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके। रोहित 63 गेंद पर 86 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

## इजराइल जाने वाली एयर इंडिया की उड़ानें रद्द

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के बीच एयर इंडिया ने तेल अवीव से आने-जाने वाली अपनी निर्धारित उड़ानों को अब 18 अक्टूबर तक रद्द कर दिया है।

**पहले 14 अक्टूबर थी निलंबितः** एयर इंडिया आमतौर पर तेल अवीव के लिए पांच साप्ताहिक निर्धारित उड़ानें संचालित करता है। एयरलाइन ने पहले 14 अक्टूबर तक सेवाओं को निलंबित कर दिया था। एयरलाइन के एक अधिकारी ने आज समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि तेल अवीव से आने-जाने वाली निर्धारित उड़ानें अब 18 अक्टूबर तक निलंबित कर दी गई हैं। अधिकारी ने बताया कि एयरलाइन आवश्यकताओं के आधार पर भारतीयों को वापस लाने के लिए चार्टर्ड उड़ानें संचालित करेगा।

## 'रूस का महत्व कम होगा, चीन मुखर होकर उभरेगा'



**टीम एक्शन इंडिया/बंगलुरू**
**चीफ ऑफ** डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान का कहना है कि आने वाले समय में भू-राजनीति में रूस का महत्व कम होता जाएगा। वहीं चीन मुखर होकर उभरेगा। सीडीएस ने बंगलुरू में आयोजित हुए एयर चीफ मार्शल एलएम कात्रे मेमोरियल लेक्चर में शिरकत की। इस दौरान सीडीएस ने अपने संबोधन में कहा कि 'सैन्य बल लगातार अपने आप को बदल रहे हैं और यह आज का जरूरत है। हम एक ऐसे दौर में दाखिल हो रहे हैं, जो अनिश्चित्ताओं से भरा है और इसके लिए बड़े बदलाव करने की जरूरत है।' सीडीएस ने कहा कि सैन्य बल भी इन बदलावों को लेकर सचेत हैं और वह भी इन्हें अपनाने की कोशिश कर रहे हैं। जहां तक वायुसेना की बात है उन्होंने नेटवर्क केंद्रित युद्धकला में बेहतरी हासिल की है। वहीं नौसेना में भी मिशन आधारित तैनाती हो रही है। भू-राजनीति पर बात करते हुए सीडीएस ने कहा कि आने वाले समय में वैश्विक भू-राजनीति में रूस की अहमियत कम होगी, भले ही वह एक बड़ी परमाणु शक्ति है। वैगनर ग्रुप की बगावत ने रूस की अंदरूनी कमजोरी को उजागर कर दिया है और इससे पता भी चलता है कि भविष्य में रूस से संबंधित क्या हो सकता है।

**भू-राजनीति**

8 आने वाले समय में भू-राजनीति में रूस का महत्व कम होता जाएगा। वहीं चीन मुखर होकर उभरेगा


**ये देश आ सकते हैं चीन के साथः** चीन को लेकर सीडीएस ने कहा कि आने वाले समय में चीन और ज्यादा मुखर होकर उभरेगा। बेशक रूस और चीन के साझा हित होंगे और कुछ अन्य देश भी इनके साथ आ सकते हैं। इनमें उत्तर कोरिया और ईरान का नाम शामिल है। बता दें कि रूस-यूक्रेन युद्ध को चलते हुए लंबा वक्त बीत गया है और इसके चलते पश्चिमी देशों ने रूस पर भारी आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए हैं।









# 'आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति आधारित डायग्नोस्टिक टूल होना बहुत जरूरी'

## प्रांत स्तरीय आयुर्वेदिक नैदानिक उपकरणों का विकास कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के रोग निदान एवं विकृति विज्ञान विभाग द्वारा शनिवार को प्रांत स्तरीय आयुर्वेदिक नैदानिक उपकरणों का विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरूआत भगवान धन्वंतरि के समक्ष पुष्प अर्पित कर की गई। रोग निदान एवं विकृति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. दिप्ती पराशर ने कुलपति प्रो. करतार सिंह धीमान, कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव व सीसीआरएएस के अनुसंधान विशेषज्ञों का स्वागत व अभिनंदन किया। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को केंद्रीय आयुवेर्दीय अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अनुसंधान



विशेषज्ञों डॉ. बबीता यादव, डॉ. अजीम अहमद और डॉ. रिचा सिंघल द्वारा आयुर्वेदिक नैदानिक उपकरण किस क्रियाविधि से विकसित किए जा सकते हैं और परिषद द्वारा निर्मित मानकीकृत आयुर्वेदिक डायग्नोस्टिक टूल की जानकारी दी। कुलपति प्रो. करतार सिंह धीमान ने कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के अपने डायग्नोस्टिक उपकरण होने ही चाहिए। जो आयुर्वेदिक पद्धति पर ही विकसित किए गए हों। सीसीआरएएस लगातार इस दिशा में काम कर रहा है और सफलता भी मिली है। अब तक छः रोगों पर मानकीकृत डायग्नोस्टिक टूल बनाए गए हैं जिसमें त्वचा रोग, खांसी, अस्थमा, मधुमेह, उदर विकार और ज्वर। मगर

**उड़ान योजना**

**8 आयुर्वेदिक नैदानिक उपकरणों का विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया**

डायग्नोस्टिक टूल बनाने के लिए एक मजबूत लीडरशिप व जुझारू टीम का होना बहुत जरूरी है। इसके साथ ही विषय विशेषज्ञों की भी समयानुसार जरूरत पड़ती है। उन्होंने कहा कि एक डॉक्टर होने के नाते आपको किस तरह के उपकरण की जरूरत है यह खुद को तय करना होगा। सबसे पहले सामान्य बीमारी का चयन करें। जिसकी पूर्ण रूप से स्पष्टता हो, ताकि एक अच्छे डायग्नोस्टिक टूल का निर्माण किया जा सके। इसके साथ बनाया गया टूल पूर्ण रूप मानकीकृत और विश्वसनीय भी होना चाहिए। जिसके देश और काल अनुसार एक समान परिणाम निकलने चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. देवेंद्र खुराना ने कहा कि विषय आधारित कार्यशाला के बहुत लाभ हैं जिससे विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। रोगों के निदान हेतु सभी चिकित्सकों द्वारा एक समान रूप से नैदानिक टूल का किस तरह उपयोग किया जाए। जिसका इस कार्यशाला में अनुसंधान विशेषज्ञों ने प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अन्त में प्रान्त के आयुर्वेदिक कॉलेज के रोग निदान एवं विकृति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक, पीएचडी एवं पीजी स्कॉलर को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर डॉ. रणधीर सिंह और डॉ. सुनिल गोदारा उपस्थित रहे।

# जन-जन तक पहुंच रहा है सरकार की कल्याणकारी नीतियों का संदेश

**रूबरू**

**8 कॉमन सर्विस सेंटर आदि के बारे में सरल भाषा में जागरूक एवं रूबरू कराया जा रहा है**



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का गांव-गांव में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा चंडीगढ़ के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल दिशा-निर्देशानुसार एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा प्रचार अभियान पूरे जोर-शोर से चलाया जा रहा है। जनसंपर्क विभाग के यह कलाकार शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की हर सडक, गली, नुक्कड़ व चौराहे पर पहुंच कर सरकार की कल्याणकारी नीतियों से आमजन को अवगत करवा रहे है।
जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह ने कहा कि विभाग के भजन पार्टी कलाकार हरियाणवी कला एवं लोक संस्कृति को जीवित रखते हुए आमजन को भजनों व लोक गीतों माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों से रूबरू करा रहे हैं। विभाग के भजन पार्टी कलाकारों द्वारा ग्रामीणों को सरकार द्वारा क्रियान्वित की गई योजनाओं की जानकारी लोक गायन शैली में दी जा रही हैं। इस अभियान में विभाग के कलाकार राजकुमार, शीश राम, राजकुमार शर्मा, बरखा राम, जगदीश चंद्र, राजेंद्र कुमार द्वारा आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत करवाया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि हर पात्र व्यक्ति या परिवार तक योजनाओं का लाभ पंहुचे। केंद्र व प्रदेश सरकार की अंत्योदय उत्थान, जनकल्याणकारी व लोक हितैषी नीतियों से आमजन को अपडेट करने के लिए विभाग की प्रचार मंडलियां गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए जनकल्याणकारी नीतियों का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान कर रही है। कलाकारों द्वारा ग्रामीणों को चिरायु कार्ड, जल संरक्षण, बीमारी से बचाव, जल शक्ति अभियान सहित हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, अंत्योदय सरल पोर्टल, परिवार पहचान पत्र, जल शक्ति अभियान, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, सीएम विंडो, ई-रजिस्ट्रेशन, जमाबंदी-इंतकाल, कॉमन सर्विस सेंटर आदि के बारे में सरल भाषा में जागरूक एवं रूबरू कराया जा रहा है।

# बाबा साहब अम्बेडकर भवन के आधारशिला रखीं गई



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
जिला के गांव सिवाह में नए बस अड्डे के निकट बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर भवन के आधारशिला समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य रहे वशिष्ट अतिथि डाक्टर भीमराव अम्बेडकर समिति सिवाह के प्रधान उमेद सिंह रहे। जबकि अध्यक्षता सरपंच सुनीता कादियान ने की और सभी गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में पूरे वैदिक विधि विधान के साथ यह आधारशिला रखी गई। इस अवसर गांव की सरपंच सुनीता कादियान ने बताया कि इस भवन के निर्माण पर लगभग 20 लाख रुपए की लागत आएगी और सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी, उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र व प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास पर विशेष ध्यान दें

**आधारशिला**

**8 सुनीता ने की और सभी गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में पूरे वैदिक विधि विधान के साथ यह आधारशिला रखी गई**

रही है ग्राम सिवाह में डाक्टर भीमराव अम्बेडकर भवन निर्माण के अलावा ग्राम सिवाह के मुख्य स्वागत द्वार का आधुनिकीकरण, धानक चौपाल का आधुनिकीकरण करवाया जाएगा गांव सिवाह के शमशान घाट का सैड बनवाया जाएगा। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भी अनेक विकास कार्य कराया जाएगा तथा गांव की सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नया मास्टर प्लान लागू किया जाएगा। इन सभी कार्यों के पूरा होने पर गांव सिवाह को माडल विलेज घोषित कर दिया जाएगा।

# महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन

**खरखौदा (सोनीपत)**
उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार के निर्देशन में खरखौदा खण्ड के गांव फरमाणा में विश्व निवेशक सप्ताह-2023 के अवसर पर एसोसिएशन ऑफ म्यूच्यूअल फंड ऑफ इंडिया एवं हरियाणा राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन द्वारा महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।
इस कार्यक्रम में हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया, जिन्हें महिलाओं को वित्तीय सशक्तिकरण के बारे विस्तार से जानकारी दी गई।

# पुलिस ने ब्रह्म सरोवर एरिया में आमजन को पढाया साईबर जागरूकता का पाठ

**पुलिस** महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार साईबर जागरुकता माह के तहत जिला पुलिस की साईबर जागरूकता पाठशाला लगातार जारी है। साईबर जागरूकता को लेकर जिला पुलिस साइबर अपराधों से बचने का सन्देश हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सम्भव प्रयास कर रही है। आमजन तक अपना सन्देश पहुँचाने के मकसद से ही पुलिस विभाग द्वारा अक्टूबर माह को साईबर जागरुकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। अभियान के 14वें दिन जिला पुलिस की अलग-अलग ईकाईयों ने अलग-अलग स्थानों पर साईबर अपराधों के प्रति जागरुकता संदेश दिया। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने



बताया कि पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के आदेशानुसार साईबर जागरुकता माह के तहत स्कूलों तथा कॉलेजों व अन्य शैक्षणिक संस्थानों में जाकर साईबर अपराधों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी में यातायात कण्ट्रोल रूम इंचार्ज उप निरीक्षक सतबीर सिंह ने राजकीय सीनियर सेकंड्री स्कूल भेरियां में विद्यार्थियों को साईबर जागरूकता का पाठ पढाया तथा बचाव के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि अपने बैंक खाते से सम्बंधित जानकारी किसी को न दें। इसके अलावा मोबाइल पर आए किसी

**प्रेरित**

**8 पुलिस की टीमों ने आमजन को पाठन सामग्री पम्पलेट्स आदि बांटकर जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया**

भी लिंक को ओपन न करें। फेसबुक, ट्वीटर और किसी भी सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर प्रोफाइल आईडी का पासवर्ड काफी स्ट्रांग रखें, सरल पासवर्ड न रखें। सोशल मीडिया पर अगर किसी परिचित का मैसेज आता है और वह आपसे रुपयों की मांग करता है, तो पहले उसे अच्छी तरह से जांच लें या मैसेज करने वाले से फोन पर संपर्क करें। उसके बाद ही किसी भी खाते में राशि ट्रांसफर करें। अगर आपके साथ किसी भी प्रकार का साइबर अपराध हो जाता है तो बिना किसी देरी के जल्द से जल्द इसकी शिकायत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। जिला पुलिस की टूरिस्ट पुलिस चौंकी टीम ने ब्रह्म सरोवर, स्नेहित सरोवर एरिया में अभियान चलाकर धर्मनगरी घुमने आये पर्यटकों को अपराधो बारे जानकारी दी तथा आमजन को साइबर ठगी से बचने बारे विस्तार से बताया।
पुलिस की टीमों ने आमजन को पाठन सामग्री पम्पलेट्स आदि बांटकर जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

# नि:शुल्क हेल्थ चेकअप में 176 लोगों ने करवाई जांच

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा गांव शहजादपुर में नि:शुल्क हैल्थ चेकअप कैम्प व नि:शुल्क आंखो का जांच शिविर लगाया गया। कैम्प में भारी संख्या में लोगों ने अपने स्वास्थ्य व अपनी आंखों की जांच करवाई। ग्रामीण गोपी चंद, माया राम, जोगिन्द्र सिंह, अमन, राम स्वरूप, जसवंत, सलिन्द्र आदि ने कहा कि जो नेता संदीप गर्ग द्वारा हल्के के प्रत्येक गांवो में लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए हेल्थ चेकअप कैम्प



लगाए जा रहे हैं। इससे ज्यादा सराहनीय कार्य कोई हो नहीं सकता। उन्होंने कहा कि सभी को समाजसेवी संदीप गर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहिए और जो वह सामाजिक कार्य कर रहे हैं उसमें अपनी भागीदारी जरूर निभानी चाहिए। वहीं नेता संदीप गर्ग ने कहा कि सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य की तरफ ध्यान देना चाहिए और जो यह नि:शुल्क हेल्थ कैम्प लगते हैं। इनमें जाकर अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य करवानी होनी चाहिए। वहीं उन्होंने बताया कि कैम्प में 176 लोगों ने अपने स्वास्थ्य व आंखो की जांच करवाई तो वहीं 83 लोगों को संदीप गर्ग द्वारा नि:शुल्क चश्में वितरित किए गए। वहीं 9 लोगों के संदीप गर्ग द्वारा आंखो के ऑपरेशन भी करवाएं जाएँगे। मौके पर कर्म सिंह, सरोज, कौशल्या, सलिन्द्रो, कृष्णा, बाला, संतोष, रामचन्द्र, बबली, रीतू, अमरपाल, रानी आदि मौजूद थे।

# श्री बालाजी जागरण का आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
काबड़ी रोड कच्चा फाटक की गंगाराम कॉलोनी में श्री संकट मोचन हनुमान दल सभा द्वारा श्री बालाजी जागरण का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर मुख्य अतिथि इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रणबीर देशवाल व इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपा देशवाल ने किया। वहीं विशिष्ट अतिथि पार्षद विजय जैन व जय श्रीराम आश्रम गंगाराम कॉलोनी के संचालक चंद्र किशोर दुबे रहे। अतिथियों का यहां पहुंचने पर आयोजकों द्वारा उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं गायक प्रवीण चांवरिया व अमित सहान ने श्री बालाजी का रात भर गुणगान किया, जबकि जग्गू काली आर्ट ग्रुप द्वारा झांकिया प्रस्तुत की गई। यहां पर बोलते हुए मुख्य अतिथि रणबीर देशवाल ने कहा कि श्री बालाजी महाराज के जागरण में आने का सौभाग्य बहुत oही कम लोगों को मिलता

**शीश झुकाया**

**8 गायक प्रवीण चांवरिया व अमित सहान ने श्री बालाजी का रात भर गुणगान किया**

है। आज इस जगह पर हनुमान जी का गुणगान करने वाले हनुमान भक्त बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर आयोजक कमेटी के प्रधान वैभव देशवाल, उप प्रधान रजत गर्ग, सुमित ढांडे, प्रिंस राय, कैशियर रवि गुप्ता, महासचिव मनीष बंसल, सचिव धनंजय, प्रचार सचिव विक्रम, सलाहकार दीपक सिंह, विशेष सलाहकार सुमित श्रीवास्तव, सलाहकार विकास राजपूत, रिंकू गर्ग, आशु सैनी, धीरेंद्र त्रिपाठी, अंकित गहलावत, राहुल राय, ब्रिजेश फौजी, अमित बंसल, विशाल दिवाकर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# एक दिवसीय 246वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम में 800 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने लिया भाग

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**
आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक दिवसीय 246 वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें 750 विद्यार्थियों और 50 से अधिक शिक्षकों आदि ने भाग लिया।
उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा हरियाणा के विभिन्न जिलों में प्रतिदिन मांग में कमी लाने के लिए दिन रात जुटे हुए हैं। इतना ही नहीं नशे की लत में पड़ चुके युवाओं को भी नशा मुक्त किया जा रहा है। विद्यालय के निदेशक



सोहन लाल सैनी की अध्यक्षता में प्राचार्य रोबिन, सुरेंद्र हांडा एवं अनीता हांडा ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी

**शपथ दिलाई**

**8 कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा हरियाणा के विभिन्न जिलों में प्रतिदिन मांग में कमी लाने के लिए दिन रात जुटे हुए हैं**

डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रकृति द्वारा मनुष्य के लिए खाने योग्य वस्तुएं पूर्व निर्धारित हैं और यदि किसी कारणवश कोई अखाद्य वस्तु हम खा लेते हैं तो हमारी पाचन क्रिया उसे स्वीकार नहीं करती और मुख के मार्ग से बाहर निकाल देती है। तथापि मनुष्य नशीले पदार्थ एवं वस्तुएं खाकर अपने दुर्लभ जीवन को नष्ट करने पर आतुर है। नशे के कारण मनुष्य अपने शरीर के साथ खिलवाड़ करता है। इसका परिणाम न केवल उसे भुगतना पड़ता है अपितु पूरे परिवार, समाज और राष्ट्र को भी इससे क्षति पहुँचती है। उन्होंने कार्यक्रम के मध्य विद्यार्थियों से विभिन्न प्रश्न पूछे और उपयुक्त उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि हम हाथ उठाकर प्रण लेते हैं लेकिन अब अपना दाहिना हाथ हृदय पर रखकर शपथ लें कि जीवन में किसी भी प्रकार का नशा नहीं करूंगा।

# हरियाणा में जल्द बनेगा कांग्रेस का बूथ स्तर तक संगठन: प्रभाकर झा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** कैंट कांग्रेस भवन में अंबाला कैंट विधानसभा पदाधिकारियों व कार्यकताओं की बैठक हुई । बैठक में अंबाला जिला के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा नियुक्त किए गए ऑब्जर्वर व बिहार से वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रभाकर झा मुख्य रूप से शामिल हुए। मीटिंग में अंबाला कैंट विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मतदाता बूथ के हिसाब से खंड , मंडल व सेक्टर बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। खंडो के विभाजन के बाद मतदान केन्द्रों को मंडल व सेक्टर में विभाजीत किया जाएगा। पार्टी प्रभारी प्रभाकर झा ने सभी पदाधिकारियों से मिलकर उनके सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द हरियाणा में कांग्रेस पार्टी का संगठन तैयार किया जाएगा



जिसके लिए पूरा खाका तैयार कर लिया गया है । गौरतलब है कि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया ने हरियाणा में कांग्रेस पार्टी के संगठन गठन को लेकर जिला लेवल पर प्रभारी नियुक्त किए है ताकि कार्यकर्ताओं का फीडबैक लिया जा सके। इस मौके पर प्रभारी श्री प्रभाकर झा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक लोकतांत्रिक पार्टी है व पार्टी के कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। सभी कार्यकताओं के सुझावों को प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया जी के समक्ष रखा जाएगा। प्रभाकर जी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 36 बिरादरी की पार्टी है व

**बैठक**

**8 कांग्रेस के संगठन में समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। आज देश और प्रदेश में जनता भाजपा-जजपा की नीतियों से तंग आ चुकी है**

समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है । कांग्रेस पार्टी के संगठन में समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया जाए गा । उन्होने कहा कि आज देश और प्रदेश में जनता भाजपा-जजपा की नीतियों से तंग आ चुकी है । समाज के सभी वर्गों में भाजपा जजपा सरकार की नीतियों को लेकर भारी रोष है । सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही जनता की उम्मीदों पर खरा उतर सकती है । देश और प्रदेश में परिवर्तन की लहर चल चुकी है और आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने जा रही है । सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी के लिए कार्य करें । इस मौके पर पूर्व विधायक जसबीर मलौर, अशोक जैन , सुधीर जायसवाल , अतुल महाजन करण यादव , अशोक सूद , परविन्दर परी , वेणु अग्रवाल , घनश्याम दास, शैलेन्द्र कुमार , सलीम अहमद , अशोक दुआ , पंकज शर्मा , रत्नलाल, मस्तराम, विजय उप्पल , संदीप कुमार , रमेश वैश , अशोक बुद्धिराजा, वैशाखी यादव, धर्मपाल यादव , कपिल धीमान , राजेश कुमार , अशोक कुमार पाली , ललित कुमार , अजय कुमार , रवि वैश्विक , गौरी शर्मा , सतीश कन्नौजिया, मनीष राणा सहित अन्य मौजूद रहे ।

# कैंसर जैसी बीमारियों से बचाव के साथ होगा भूजल संरक्षण: उपायुक्त

**सोनीपत:** उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने सबोली के ग्रामीणों के सुखद एवं सुरक्षित भविष्य लिए गांव में सीईटीपी की स्थापना की आवश्यकता को तार्किक रूप में समझाते हुए ग्रामीणों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सीईटीपी से न बदबू होगी और न ही प्रदूषण अपितु इससे कैंसर जैसी बिमारियों से बचाव के साथ भूजल संरक्षण को मजबूती मिलेगी। इसलिए सीईटीपी की जरूरत को गंभीरता से समझने की जरूरत है। सबोली गांव में प्रस्तावित सीईटीपी को लेकर उपायुक्त ने ग्रामीणों के साथ चौपाल में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन सीईटीपी स्थापना के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि यह आज की जरूरत है।


# 'मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों के क्लासरूम स्मार्ट बन जाएंगे'

**शिक्षा पर बल**

**8 4035 स्मार्ट क्लासरूम बन चुके हैं , बकाया क्लासरूम्स को इस वर्ष स्मार्ट क्लासरूम में बदला जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि राज्य के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों के 7400 क्लासरूम में से 4035 स्मार्ट क्लासरूम बन चुके हैं , बकाया क्लासरूम्स को इस वर्ष स्मार्ट क्लासरूम में बदला जाएगा। वे विशेष चर्चा कार्यक्रम के दौरान चंडीगढ़ से ऑनलाइन माध्यम से राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हर विद्यार्थी की सीखने की क्षमता को ध्यान में रखते हुए इन विद्यालयों में शिक्षण के लिए नई



तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इन विद्यालयों की दीवारों को ऐसे सजाया गया है, जिससे दीवारों पर शिक्षण सामग्री पेन्ट करवाकर शैक्षणिक वातावरण का निर्माण हुआ है। इससे विद्यार्थी देखकर, पढ़कर तथा पेन्सिल के माध्यम से सीख सकते हैं। पूरे भवन को ही सहायक सामग्री में बदल दिया गया है। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत हम प्रदेश में ऐसे शिक्षण संस्थान तैयार कर रहे हैं, जिनमें नन्हे बच्चे की केजी कक्षा से युवा विद्यार्थी की पीजी कक्षा तक की शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस प्रकार एक ही छत के नीचे सम्पूर्ण शिक्षा मिलेगी। प्रदेश में चार विश्वविद्यालयों भगत फूल सिंह कन्या विश्वविद्यालय, खानपुर कलां, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में केजी से पीजी स्कीम के तहत दाखिले किये गए हैं मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से आान किया कि बच्चा जिस क्षेत्र में निपुण है, उसी में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। आगे चलकर बच्चा क्या बने, इसका निर्णय उसे स्वयं लेने दे। उसका कैरियर बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दें। ाच्चों की पसंद व अभिरुचियों को निखारने में मदद करें। बच्चों के सवार्गीण विकास के लिए थ्री-एस यानी कि स्टडी, स्पोर्ट्स व स्कीन के समय में संतुलन बनायें। इसके साथ ही वह खेल के लिए भी समय निकाले ,मोबाइल फोन व इंटरनेट के आने से बच्चे पर जरूरत से ज्यादा समय व्यतीत कर रहे है।




# सोशल मीडिया प्रतिनिधियों ने डिजिटल मीडिया विज्ञापन नीति, के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से उनके सरकारी आवास कबीर कुटिया में सोशल मीडिया से संबंधित कई प्रतिनिधि मिले और राज्य में हरियाणा डिजिटल मीडिया विज्ञापन नीति, 2023 के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। यह विज्ञापन नीति विशेष रूप से 'सोशल मीडिया न्यूज चैनलों' के लिए तैयार की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाज में सोशल मीडिया द्वारा निभाई जाने वाली आवश्यक भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार मीडिया पेशेवरों के भविष्य को मजबूत करने और उन्हें आधुनिक युग में सच्चाई लिखने के लिए सशक्त बनाने हेतु यह नवीन कल्याणकारी नीति लेकर आई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में जो हरियाणा डिजिटल मीडिया विज्ञापन नीति, 2023 नीति बनाई गई है ,वह आधिकारिक तौर पर सोशल मीडिया के लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करती है और उन्हें पत्रकारों का दर्जा प्रदान करती है। यह मीडिया परिदृश्य में उनकी पहचान और प्रभाव में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने में सही साबित होगी। उन्होंने बताया कि इस नीति में सोशल मीडिया पर चैनल के सबस्क्राइबर , फॉलोवर और पोस्ट वॉल्यूम जैसे कारकों को ध्यान में रखा गया है।

# 'राजस्थान के पास व्यवस्था परिवर्तन का सुनहरा अवसर'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि राजस्थान की जनता के पास कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार से छुटकारा पाकर प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन लाने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि जेजेपी ने हरियाणा में बड़े बदलाव के कदम उठाकर गरीब किसान, कमेरे, युवा वर्ग को लाभान्वित किया है इसलिए राजस्थान के हित में स्थानीय लोग जेजेपी का साथ दें ताकि हम सब मिलकर राजस्थान में बड़ा बदलाव ला सके। वे शनिवार को जेजेपी की जन संकल्प यात्रा के दूसरे दिन देश के उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की कर्मभूमि सीकर और जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला की कर्मभूमि दातारामगढ़ क्षेत्र में स्थानीय लोगों को संबोधित कर रहे थे। मेगा रोड शो के दौरान जगह-जगह पर दुष्यंत चौटाला का जोरदार स्वागत किया गया। डिप्टी सीएम की मौजूदगी में विभिन्न राजनीतिक लोगों ने जेजेपी में शामिल होने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी ने सरकार में हिस्सेदारी करके हरियाणा में बड़े परिवर्तन लाकर दिखाएं है।

# इग्नू ने 20 अक्टूबर तक बढ़ाई दाखिले की तिथि

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**


**इंदिरा** गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए एक बड़ी खुशखबरी यह है कि यहां पर जुलाई 2023 सत्र के विभिन्न ऑनलाइन डिस्टैंस लर्निंग (ओडीएल), डिस्टैंस लर्निंग और ऑनलाइन कोर्सेस में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 20 अक्तूबर, 2023 कर दी है

विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इग्नू ने सर्टिफिकेट कोर्सेस को छोडकर अन्य सभी ओडीएल और ऑनलाइन मोड के कोर्सेस के लिए स्टूडेंट्स अब 20 अक्टूबर, 2023 तक आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन डिस्टेंस लर्निंग

**दाखिला**

**8 सभी ओडीएल और ऑनलाइन मोड के कोर्सेस के लिए स्टूडेंट्स अब 20 अक्टूबर, तक आवेदन कर सकते हैं**

कोर्सेस में दाखिले हेतु आवेदन इग्नू के पोर्टल, पर करना होगा। आवेदन के दौरान ही उन्हें पहले सेमेस्टर की कोर्स फीस भी ऑनलाइन भरनी होगी। कोर्स और फीस की जानकारी स्टूडेंट्स दोनों ही पोर्टल पर दिए गए प्रोग्राम इंफॉर्मेशन लिंक से देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुन:पंजीकरण के लिए विद्यार्थी को 200 रुपये लेट फीस का भुगतान करना होगा।



## न्यूज फ्लैश

### पार्षद सुरेंद्र मदान के प्रयास से वार्ड 3 में प्रॉपर्टी आईडी त्रुटि दूर करने का कैंप लगा

**सोनीपत: हरियाणा सरकार** ने एक बार फिर सोनीपत में प्रॉपर्टी आई डी के विवरण (नाम,एरिया, कैटगरी आदि) एवं संपत्ति कर में त्रुटि को दूर करने के लिए वार्डवाइज कैंप लगाने का फैसला किया है। इसी अभियान के तहत 14 अक्टूबर को वार्ड 3 के नागरिकों को यह सुविधा सैक्टर -14 समुदायिक केंद्र में प्रातः 10 बजे से सायं 4 तक एक कैंप लगाकर मुहैया कराई गई। वार्ड तीन पार्षद एवं निगम फाइनेंस एंड कांट्रैक्ट कमेटी के वाइस चेयरमैन सुरेंद्र मदान ने समय रहते ही वार्ड तीन के नागरिकों को इस कैंप के बारे में विभिन्न माध्यमों से सूचना दे दी थी। सुरेंद्र मदान उक्त कैंप के दौरान उपस्थित रहे और कैंप में पहुंचे लाभार्थियों की पूरे मन से मदद की। इस दौरान सुरेंद्र मदान ने कहा कि वार्ड 3 के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर वहां के निवासियों से बातचीत के दौरान मैंने पाया कि अभी भी बड़ी संख्या में लोग रहते हैं जिनकी प्रॉपर्टी आई डी में कोई न कोई त्रुटि रह गयी है, इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए निगम से अनुरोध किया गया कि वह सोनीपत के विभिन्न वार्डों में एक बार फिर उक्त कैंपों का आयोजन करें। सैक्टर 14 के सामुदायिक केंद्र में लगे कैंप में सुरेंद्र मदान ने अपनी उपस्थिति के दौरान सभी लाभार्थियों से अनुशासन बनाए रखने की अपील की और कैंप में सेवा दे रहे निगम कर्मचारियों का आभार भी प्रकट किया।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# किसानों को पराली प्रबंधन का दिया संदेश

## उपायुक्त ने गांव डेरा गुजराखिया में बेलर चलाकर चलाकर बनाई पराली की गांठे




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पराली जलाने** की घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहा है। गांव, तहसील व जिला स्तर पर गठित कमेटियां पूरी तरह से एक्टिव हैं और आगजनी की घटनाओं पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

इसी कड़ी में शनिवार को उपायुक्त अनीश यादव असंध तहसील के गांव डेरा गुजराखिया में पहुंचे और फसल अवशेष प्रबंधन के अंतर्गत चल रहे कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उपायक्त ने स्वयं ट्रैक्टर पर सवार होकर स्ट्रा बेलर चलाकर चलाकर पराली की गांठे बनाई। दौरे के दौरान उपायुक्त ने किसानों से भी बातचीत की। इस मौके पर किसानों ने पराली न जलाने की शपथ ली कि वे ना तो स्वयं पराली में आग लगाएंगे ना दूसरों को लगाने देंगे।

उपायुक्त ने फसलों के अवशेष को खेतों में जलाने से ना केवल उस जमीन को नुकसान होता है बल्कि पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। उपायुक्त ने कहा कि सरकार ने फसल अवशेष प्रबंधन की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कई योजनाएं चलाई और योजनाओं को लेकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। सरकार के इस कदम से फसल अवशेष प्रबंधन को बल मिला और आज कई लोग केवल फसल के अवशेषों से ही लाखों रुपए कमा रहे हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे फसल कटाई के बाद फसल अवशेषों में कोई भी आगजनी की घटना ना करें। कृषि विभाग द्वारा किसानों को आई-एसआईटीयू/ईएक्स-एसआईटीयू के लिए एक हजार रूपए प्रति एकड़ अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान फसल अवशेष प्रबंधन में अपना पूर्ण सहयोग दें और उक्त स्कीम का लाभ उठाएं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि अब तक करनाल जिले में सैटेलाईट से 23 एएफएल (एक्टिव फायर लोकेशन) मिली हैं जिससे आग लगाने वाले किसानों का 57500 रुपये का चालान भी किया गया है। फसल अवशेष प्रबंधन के लिए गाँव, तहसील व जिला स्तर पर निगरानी कमेटियों का गठन किया गया है जो हर समय अपने निर्धारित एरिया में गस्त कर रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने फसल के अवशेषों को न जलाएं व इनका उचित प्रबंधन कर या तो खेत में मिलाएं या गांठे बनवाएं तथा सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं। जिले में अब तक फसल अवशेष परबंधन की 7500 कृषि यंत्र पर सरकार द्वारा अनुदान पर दिए जा चुके हैं। इस अवसर पर असंध के एसडीएम वीरेन्द्र सिंह ढुल व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह मौजूद रहे।

## बास्केटबॉल के फाइनल में पहुंचा सैनिक स्कूल कुंजपुरा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। आज** वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और हॉकी के सेमी फाइनल मैचों की शुरूआत थी। वॉलीबॉल के सेमीफाइनल सुबह खेले गए और फाइनलिस्ट में झुंझुनू और नगरोटा की टीमें पहुंच गई हैं, जो आज शाम के सत्र में खेले जाएंगे। बास्केटबॉल में फाइनल मैच मेजबान स्कूल कुंजपुरा और चिनचिप के बीच 15 तारीख की शाम को खेला जाएगा, दोनों टीमें अब तक अजेय हैं।
तीसरे और चौथे स्थान के लिए कल सुबह के सत्र में चंद्रपुर और नालंदा के बीच मैच खेला जाएगा। हॉकी के सेमीफाइनल कल खेले जाएंगे और तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच 16 तारीख की सुबह खेला जाएगा। फाइनल 16 तारीख की शाम को निर्धारित है।

अब तक खेले गए सभी सेमी फाइनल मुकाबलों में संघर्ष बना रहा और ये बिना किसी मनमुटाव के निष्पक्ष तरीके से खेले गए।

## किडनैप कर पैसों की डिमांड करने वाले दो आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला पुलिस** की सीआईए वन की टीम द्वारा बंधक बनाकर पैसों की मांग करने वाले दो आरोपियों ओबुल शेट्टी पुंडरी काकसुड पुत्र ओबुल शेट्टी वेंकटेश्वर राव वासी रामा टॉकीस लाइन मचरला गुंटूर हैदराबाद आंध्र प्रदेश और चिलम चरला सुरेश कुमार पुत्र आंजन हेलू वासी पुलिस स्टेशन रोड विजयापुरी साउथ हैदराबाद आंध्र प्रदेश को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया।
आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उनके कब्जे से बंधक आशु वासी घरौंडा जिला करनाल को छुड़ाया गया।
पुलिस पूछताछ में पाया गया कि 3 अक्टूबर को कार्तिक और गौरव पुत्र नाथूराम वासियान कालराम थाना मधुबन के कहने पर आशु वाशी वार्ड नंबर 10 घरौंडा कुछ कागजात देने के लिए नामित आरोपियों के पास हैदराबाद गया था। वहां पहुंचने के बाद आरोपियों ने आशु को बंधक बना लिया और उसके साथ मारपीट की। 7 अक्टूबर को आशु के फोन से पीडित के भाई आकाश के पास फोन आया और आरोपियों ने बात करके 5.50 लाख रुपयों की डिमांड की और बोले कि कार्तिक और गौरव ने हमारे 5.50 लाख रुपए देने हैं तो आप रुपए दे दो और हम आपके भाई आशु को छोड़ देंगे।
इसके कुछ देर में आरोपियों ने आशु की बिना कपड़ों की वीडियो उसके भाई आकाश के पास भेजी। डर के कारण रुपए की मांग करने के बाद आशु के भाई आकाश ने आरोपियों के दिए हुए खाते में कुछ रुपए भेज भी दिए थे। फिर पीडित के भाई आकाश ने कार्तिक और गौरव को मामले के बारे में बताया तो उन्होंने कहा कि तुम्हारा भाई कल तक आ जाएगा। लेकिन आशु नहीं आया।
फिर अगले दिन परेशान होकर आशु के भाई आकाश ने थाना घरौंडा में मामले के बारे में शिकायत दी।
आकाश की शिकायत पर थाना घरौंडा में 9 अक्टूबर को भादंस की धारा-346 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## एसपी सावन ने किया थाना निगदू का निरीक्षण



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। पुलिस** अधीक्षक शशांक कुमार सावन द्वारा जिले के विभिन्न थानों के अपने दौरे के क्रम में आज पुलिस थाना निगदू का दौरा किया गया। थानों के निरीक्षण के साथ-साथ एसपी थाना क्षेत्र के मौजिज लोगों के साथ भी बैठक कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने पहले थाना प्रबंधक, थाने के तमाम अनुसंधान अधिकारियों व अन्य पुलिस कर्मचारियों की मीटिंग ली। इन मीटिंग के माध्यम से उन्होंने एक-एक करके लम्बित पड़े मामलों व शिकायतों के बारे चर्चा की और लम्बित मामलों व शिकायतों को बिना देरी के निपटान करने के निर्देश दिए।
एसपी ने थाने में आने वाली पीसीसी को भी दिए गए समय में निपटाने के बारे में निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने थाने की कार्य प्रणाली के बारे में भी जानकारी हासिल की। थाने में साफ. सफाई का निरीक्षण किया और प्रत्येक कार्य को निश्चित समय सीमा के भीतर करने व रिकॉर्ड को दुरूस्त रखने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही पुलिस कर्मचारियों के लिए सुविधाओं को और बेहतर बनाने के बारे में भी चर्चा की गई।

## सोलर पावर सूक्ष्म सिंचाई परियोजना जल समिति को की हस्तांतरित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) मिकाडा मंडल** कुरुक्षेत्र के कार्यकारी अभियंता धूप सिंह ने कहा कि केन्द्रीय सरकार की नीति एवं हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार सूक्ष्म सिंचाई एवं नहरी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (मिकाडा) हरियाणा ने गांव गुमथला गढू में सोलर पावर पर आधारित सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के अधीन देश का पहला पायलट प्रोजेक्ट स्थापित किया था। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा 30 जुलाई 2017 को गांव गुमथला गढू में ग्रिड संचालित सौर ऊर्जा आधारित सूक्ष्म सिंचाई परियोजना मोगा नंबर 25220–एल संधौला माईनर का उद्घाटन किया गया था।

## प्रदेश में बिना भेदभाव के जमकर हो रहे विकास कार्य : संजय



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। संगठन** को मजबूत करने के उद्देश्य से आज शनिवार को शास्त्री नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। रतनगढ़ सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी में अपनी आस्था जताई। उन्हें भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया गया।
मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है। जनता को काम चाहिए और भाजपा राज में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की निति को क्रियान्वित करते हुए जमकर काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिना भेदभाव के जमकर विकास कार्य हो रहे हैं।
जिला विस्तारक शशि दुरेजा ने कहा कि भाजपा आज जन-जन की लोकप्रिय पार्टी बन चुकी है। लोगों का भाजपा पर पूरा विश्वास हैं। देश और प्रदेश का भला केवल भाजपा ही कर सकती है। राम नगर मंडल अध्यक्ष राजेश अग्गी ने कहा कि प्रदेश में हो रहे विकास को देखकर विपक्ष पूरी तरह से बौखलाया हुआ है। जनता के आशीर्वाद से भविष्य में भी भाजपा इसी तरह सबको साथ लेकर चलेगी और विकास की गंगा यूं ही बहती रहेगी।
इस अवसर पर महामंत्री प्रमोद नागपाल व जगत सिंह, मोहन लाल, सुशील कुमार, मोनू पांचाल, विकास कश्यप, प्रिंस चौधरी, साहिल, सोनू, अरुण, रवि, प्रदीप भी उपस्थित रहे।

## 'विकास कार्यों के लिए सरकार के पास नहीं है पैसे की कोई कमी'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। इंद्री के** विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि इन्द्री विधानसभा क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में लगभग एक करोड़ 2 लाख रुपए बड़ागांव से सलारपुर तथा 60 लाख रुपए की लागत से बड़ागांव से जयरामपुर गांव तक सडक के निर्माण कार्य का विधायक रामकुमार कश्यप ने नारियल तोडकर शुभारंभ किया। इन सडकों के बनने से लोगों को बेहतरीन यातायात सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की अन्य सभी सडकों का कार्य भी जल्द से जल्द पूरा कर दिया जाएगा।
उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में नई ओर सडके बनाई जाएगी और जिन सडकों की दशा खराब है उनकी शीघ्र ही मरम्मत करवाई जाएगी। विकास कार्यों के लिए सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। विधायक ने कहा कि प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों की सडकों की ओर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विशेषतौर पर ध्यान है, क्योंकि सडकों के विकास से उसके आसपास का क्षेत्र स्वतः ही विकसित हो जाता है। विधानसभा क्षेत्र इन्द्री में अधिक से अधिक विकास कार्य करवाए जाने पर विधायक ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हर क्षेत्र चाहे वह शिक्षा, कृषि को बढ़ावा देने, अनेकों विकासात्मक योजनाएं लागू कर उनका लाभ लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया है।
मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में बनी सरकार ने प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाने के लिए दृढ़ संकल्प है और इसी संकल्प को पूरा करने के लिए बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश में समान रूप से विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं।

## नारनौल में ट्रामा सेंटर बनकर तैयार



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल। नागरिक अस्पताल** नारनौल में ट्रामा सेंटर बनकर तैयार हो चुका है। इस ट्रामा सेंटर के उद्घाटन के संबंध में आज प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से मुलाकात की।
श्री यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की घोषणा के अनुरूप नारनौल के नागरिक अस्पताल में ट्रामा सेंटर बनकर तैयार हो चुका है। ऐसे में जल्द ही इसका उद्घाटन किया जाना है ताकि आम नागरिकों को और बेहतर तरीके से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले।
इस मुलाकात के दौरान श्री यादव ने निमार्णाधीन कोरिया वास मेडिकल कॉलेज की प्रोग्रेस के बारे में भी स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ के लिए यह मेडिकल कॉलेज बहुत बड़ा तोहफा है। अब मेडिकल में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को दूसरे राज्यों तथा जिलों में जाने की बजाय अपने ही जिले में एडमिशन लेने का विकल्प भी मिल जाएगा।

# दीपक मान हत्याकांडः दो आरोपी गिरफ्तार

## मोनू के भाई ने हत्या के लिए करवाएं थे हथियार मुहैया, वहीं दूसरे आरोपित ने हत्या के बाद वापिस हथियार लेकर किए खुर्द-बुर्द

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सदर थाना** क्षेत्र के गांव हरसाना में पंजाब के बदमाश की गोलियां व चाकू मारकर हत्या करने की वारदात में पुलिस ने रिमांड अवधि दौरान पूछताछ के बाद गांव रेवली निवासी दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मंदीप व विक्रम निवासी रेवली गांव के है। आरोपित विक्रम गैंगस्टर मोनू डागर का चचेरा भाई है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से विक्रम को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। जबकि दूसरे आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं रिमांड पर चल रहे लारेंस बिश्नोई गैंग के मोनू डागर की रिमांड अवधि पूरी होने पर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित की रिमांड अवधि बढ़ाने की अपील की। अदालत ने आरोपित की पांच दिन के लिए रिमांड को बढ़ाया है। वहीं मामले में ओजस व चेतन की रिमांड अवधि पूरी होने पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

**शिकंजा**
8 गिरफ्तार आरोपित मंदीप व विक्रम निवासी रेवली गांव के है। आरोपित विक्रम गैंगस्टर मोनू का चचेरा भाई है

**यह था मामलाः** गांव हरसाना के खेत में पंजाब के बंबीहा गैंग के गैंगस्टर दीपक मान की चार गोली मारकर हत्या की गई थी। गांव हरसाना निवासी किसान के खेत में 1 अक्तूबर की शाम को उसका शव मिला था। शव की पहचान पंजाब के जिला फरीदकोट के जैतो मंडी स्थित आंबेडकर नगर निवासी दीपक मान के रूप में हुई थी। उसके एक दिन बाद ही गांव सिसाना में नारायण आश्रम के पास रजबहा की पटरी पर स्पेशल एंटी गैंगस्टर गतिविधि यूनिट प्रभारी अजय धनखड़ की टीम ने मामले में आरोपितों को मुठभेड़ के बाद पकड़ा था। मुठभेड़ में गोली लगने से गांव गढ़ी सिसाना निवासी मंजीत उर्फ मटकन, चेतन, ओजस घायल हुए थे। ओजस मूलरूप से रोहतक के गांव बलंभा का रहने वाला और गांव गढ़ी सिसाना में अपने ननिहाल में रह रहा है।

## संपादकीय

# डॉ. कलाम के विचार, प्रभावित करते हैं बारंबार

**तमिलनाडु के** एक छोटे से गांव में एक मध्यमवर्गीय परिवार में 15 अक्टूबर 1931 को जन्मे भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रख्यात शिक्षाविद् और देश के महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ऐसे महानायक हैं, जिन्होंने अपना बचपन अभावों में बीतने के बाद भी अपना पूरा जीवन देश और मानवता की सेवा में व्यतीत कर दिया। न केवल भारत के लोग बल्कि पूरी दुनिया मिसाइल मैन डॉ. कलाम की सादगी, धर्मनिरपेक्षता, आदर्शों, शांत व्यक्तित्व और छात्रों व युवाओं के प्रति उनके लगाव की कायल रही है। वह देश को वर्ष 2020 तक आर्थिक शक्ति बनते देखना चाहते थे। युवा पीढ़ी को दिए गए उनके प्रेरक संदेश तथा उनके स्वयं के जीवन की कहानी तो देश की आने वाले कई पीढ़ियों को भी सदैव प्रेरित करने का कार्य करती रहेगी। छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए वह अकसर कहा करते थे कि छात्रों के जीवन का एक तय उद्देश्य होना चाहिए और इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए जरूरी है कि वे हरसंभव स्त्रोतों से ज्ञान प्राप्त करें। छात्रों की तरक्की के लिए उनके द्वारा जीवन पर्यन्त किए गए महान कार्यों को देखते हुए ही सन 2010 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा उनका 79वां जन्म दिवस ह्यविश्व विद्यार्थी दिवसह्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया और तभी से डॉ. कलाम की जयंती पर 15 अक्टूबर को प्रतिवर्ष 'विश्व विद्यार्थी दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। पढ़ाई-लिखाई को तरक्की का साधन बताने वाले डॉ. कलाम का मानना था कि केवल शिक्षा के द्वारा ही हम अपने जीवन से निर्धनता, निरक्षरता और कुपोषण जैसी समस्याओं को दूर कर सकते हैं। वे कहते थे कि अगर आप फेल होते हैं तो निराश मत हों क्योंकि फेल होने का अर्थ है ह्यफर्स्ट अटैंप्ट इन लर्निंगह्व और अगर आपमें सफल होने का मजबूत संकलप है तो असफलता आप पर हावी नहीं हो सकती। इसलिए सफलता और परिश्रम का मार्ग अपनाओ, जो सफलता का एकमात्र रास्ता है। उनके ऐसे ही महान विचारों ने देश-विदेश के करोड़ों लोगों को प्रेरित करने और देश के लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया। उनका ज्ञान और व्यक्तित्व इतना विराट था कि उन्हें दुनियाभर के 40 विश्वविद्यालयों ने डॉक्ट्रेट की मानद उपाधि प्रदान की। सादगी की प्रतिमूर्ति डॉ. कलाम का व्यक्तित्व कितना विराट था, इसे परिभाषित करते कई किस्से भी सुनने को मिलते हैं। राष्ट्रपति जैसे देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन रहते हुए भी डॉ. कलाम आम लोगों से मिलते रहे। राष्ट्रपति जैसे बड़े पद पर पहुंचने के बाद भी डॉ. कलाम अपने बचपन के दोस्तों को भी नहीं भूले। एक बार कुछ युवाओं ने उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की और इसके लिए उन्होंने उनके कार्यालय को चिट्ठी लिखी। चिट्ठी मिलने के बाद डॉ. कलाम ने उन युवाओं को अपने पर्सनल चैंबर में आमंत्रित किया और वहां न केवल उनसे मुलाकात ही की बल्कि उनके विचार, उनके आइडिया सुनते हुए काफी समय उनके साथ गुजारा। जिस समय डॉ. कलाम भारत के राष्ट्रपति थे, तब वे एक बार आईआईटी के एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए पहुंचे। उनके पद की गरिमा का सम्मान करते हुए आयोजकों द्वारा उनके लिए मंच के बीच में बड़ी कुर्सी लगवाई गई। डॉ. कलाम जब वहां पहुंचे और उन्होंने केवल अपने लिए ही इस प्रकार की विशेष कुर्सी की व्यवस्था देखी तो उन्होंने उस कुर्सी पर बैठने से इनकार कर दिया, जिसके बाद आयोजकों ने उनके लिए मंच पर लगी दूसरी कुर्सियों जैसी ही कुर्सी की व्यवस्था कराई।

# अस्तित्व को मां रूप में देखना आनंददायी



**हृदयनारायण दीक्षित**

> "हे श्रद्धा हम सबको श्रद्धा से परिपूर्ण करें। (10.151.5) श्रद्धा प्रकृति की विभूतियों में शिखर है-श्रद्धां भगस्तय मूर्धनि। (10.151.1) ऋग्वेद में जल को भी मां देखा गया है। वे 'जल माताएं' आप: मातरम् हैं और देवियां हैं। मां ही जन्म देती है। मां नहीं तो सृष्टि विकास नहीं। ऋग्वैदिक ऋषियों की अनुभूति में संसार के प्रत्येक तत्व को जन्म देने वाली यही आप: माताएं हैं-विश्वस्य स्थातुर्जगतो जनित्री: (6.50.7) ऋग्वेद के बहुत बड़े देवता है अग्नि। इन्हें भी आप: माताओं ने जन्म दिया है: तमापो अग्निं जनयन्त मातर: (10.91.6) ऋग्वेद में वाणी की देवी वाग्देवी (10.125) हैं। वाणी की शक्ति अपरिमित है। वाग्देवी (ऋग्वेद वाक्सूक्त 10.125) कहती हैं-'मैं रूद्रगणों वसुगणों के साथ भ्रमण करती हूं। मित्र, वरुण, इन्द्र, अग्नि और अश्विनी कुमारों को धारण करती हूं"

**देवी** उपासना के उल्लासधर्मा उत्सव चल रहे हैं। यह प्रकृति की आराधना है। प्रकृति मां है। हम सब इसी के अंश हैं, इसी में पलते हैं। प्रकृति गर्भ से अरबों जीव आ चुके। प्रतिपल आ रहे हैं। सतत अविरल। पुनर्नवा। फूल, फल वनस्पति, प्राणी। प्रश्न उठते हैं कि बार-बार क्यों होता है ऐसा सृजन? वैसी ही नन्ही चिड़िया, गाय का निर्दोष बछड़ा। निष्कलुष, अनासक्त, लोभ मुक्त शिशु। जीवन अद्वितीय है। मां का ही प्रसाद है। प्रकृति सृजनरत है। यह संभवतः कोई गीत रच रही है-अनंतकाल से। अपूर्ण गीत को फिर-फिर संशोधित करती है। छन्दबद्ध करती है। लय देती है। प्रकृति लालित्य रस से भरी-पूरी है। सृजन रहस्यपूर्ण है 'ऊधो कहि न जाय का कहिए/देखत अति विचित्र रचना यह समुझि मनै मन रहिए।' यह जीर्ण शीर्ण को निरस्त करती है बार-बार। फिर नूतन प्रवाह और बार-बार सृजन।

प्रकृति माता है। हम सबको सींचती है प्रतिपल। वनस्पतियां आकर्षित करती हैं। वे हमारी प्राण ऊर्जा की पूरक हैं। कीट पतंग विविध परिधान में घूमते हैं। प्रकृति दशों दिशाओं से अनुग्रह की वर्षा करती है। हमारा अनुगृहीत भाव स्वाभाविक है। यहां समूची प्रकृति के प्रति धन्यवाद भाव है। वह हमारी माता है। दिव्यता के कारण देवी है। जननी होने के कारण माता है। यह जीवन प्रकृति का ही उपहार है। प्रकृति का पोषण, संवर्द्धन मां की ही सेवा है। व्रत आदि आस्था के विषय हैं। मुख्य बात है-प्रकृति में मां देखने की अनुभूति। यह अनुभूति 'सर्वभूतेषु मातृरूपेण' प्रतीति है। प्रकृति स्वयंभू है,सदा से है। सभी रूप प्रकृति के ही रूप हैं। प्रकृति को मां देखते ही हमारी जीवनदृष्टि बदल जाती है। हम अपनी सुविधा के लिए उन्हें अनेक नाम देते हैं। दुर्गा, काली, सरस्वती, शाकम्भरी, महामेधा, कल्याणी, वैष्णवी, पार्वती आदि आदि। नाम स्मरण आंतरिक बोध में भी सहायक हैं। मूलभाव है-मां। या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता, नमस्तस्ये, नमस्तस्ये नमो नमः। प्रकृति को दिव्य मां देखना अंधविश्वास का प्रश्न नहीं। प्रकृति अखण्ड इकाई है। इस अखण्ड इकाई का नाम क्या रखें? नाम रखते ही रूप का ध्यान आता है। रूप की सीमा है। प्रकृति अनंत है। असीम और अव्याख्येय। इसे मां कहने में




आह्लाद है। सम्प्रति भारत का मन भावप्रवण है। भावप्रवण चित्त में ही शिवसंकल्प उगते हैं। दुनिया का सारा सुन्दर भावप्रवण लोगों ने गढ़ा है। सुन्दर काव्य या सुन्दर ऊक्त-सूक्त। कला सहित सारे सृजन। प्रकृति प्रत्यक्ष भाव बोध में माता है। माता देवी है। देवी माता है। देवी उपासना मां और संतान के अविभाज्य और अनिवर्चनीय प्रेम का चरम है। दुर्गा सप्तशती में भी यही अनुभूति है। यह मां सर्वभूतेषु उपस्थित है। मां मां है। मां न स्त्री है और न पुरुष। वह देवी है, दिव्य है, देवता है। प्रणम्य है। मां उपासना वैदिक काल से भी प्राचीन है। ऋग्वेद में पृथ्वी माता हैं ही। इडा, सरस्वती और मही भी माता हैं, ये तीन देवियां कही गयी हैं-इडा, सरस्वती, मही तिस्रो देवीर्मयो भुव।' (1.13.9) एक मंत्र (3.4.8) में 'भारती को भारतीभिः कहकर बुलाया गया है-आ भारती भारतीभिः।' मां हरेक क्षण स्तुत्य है। दुख और विषाद में मां आश्वस्तिदायी है तो प्रसन्नता और आह्लाद में भी मां की उपस्थिति जरूरी है। इसलिए 'भारती' को नेह-न्योता है। भारतीभिः भरतजनों की इष्टदेवी हैं। ऋग्वेद में ऊषा भी देवी हैं। एक सूक्त (1.124) में 'ये ऊषा देवी नियम पालन करती हैं। नियमित रूप से आती हैं।' (वही मन्त्र 2) ऊषा, 'सबको प्रकाश आनंद देती हैं। अपने पराए का भेद नहीं करतीं।' (वही, 6) सबको समान दृष्टि से देखती हैं। ऋग्वेद में जागरण की महत्ता है। इसलिए 'सम्पूर्ण प्राणियों में सर्वप्रथम ऊषा ही जागती हैं।' (1.123.2) प्रार्थना है कि 'हमारी बुद्धि सत्कर्मों की ओर प्रेरित करे।' (वही, 6) ऊषा सतत प्रवाह है। आती हैं, जाती हैं फिर फिर आती हैं। जैसी आज आई हैं, वैसे ही आगे भी आएंगी।' ऋग्वेद में मन की शासक देवी का नाम 'मनीषा' है। मनीषा और प्रज्ञा पर्यायवाची हैं। ऋषि आवाहन करते हैं 'प्र शुकैतु देवी मनीषा'। (7.34.1) ऋग्वेद में श्रद्धा भी एक देवी हैं, 'श्रद्धा प्रातर्हवामहे, श्रद्धा मध्यंदिन परि, श्रद्धां सूर्यस्य निम्रुचि श्रद्धे श्रद्धापयेह नः'-हम प्रातःकाल श्रद्धा का आह्वान करते हैं, मध्यान्ह में श्रद्धा का आह्वान करते हैं, सूर्यास्त काल में श्रद्धा की ही उपासना करते हैं। हे श्रद्धा हम सबको श्रद्धा से परिपूर्ण करें। (10.151.5) श्रद्धा प्रकृति की विभूतियों में शिखर है-श्रद्धां भगस्तय मूर्धनि। (10.151.1) ऋग्वेद में जल को भी मां देखा गया है। वे 'जल माताएं' आपः मातरम् हैं और देवियां हैं। मां ही जन्म देती है। मां नहीं तो सृष्टि विकास नहीं। ऋग्वैदिक ऋषियों की अनुभूति में संसार के प्रत्येक तत्व को जन्म देने वाली यही आपः माताएं हैं-विश्वस्य स्थातुर्जगतो जनित्रीः (6.50.7) ऋग्वेद के बहुत बड़े देवता है अग्नि। इन्हें भी आपः माताओं ने जन्म दिया हैः तमापो अग्निं जनयन्त मातरः (10.91.6) ऋग्वेद में वाणी की देवी वाग्देवी (10.125) हैं। वाणी की शक्ति अपरिमित है। वाग्देवी (ऋग्वेद वाक्सूक्त 10.125) कहती हैं-'मैं रूद्रगणों वसुगणों के साथ भ्रमण करती हूं। मित्र, वरुण, इन्द्र, अग्नि और अश्विनी कुमारों को धारण करती हूं। मेरा स्वरूप विभिन्न रूपों में विद्यमान है। श्रवण, मनन, दर्शन क्षमता का कारण मैं ही हूं। मैं समस्त लोकों की सर्जक हूं आदि। वे 'राष्ट्री संगमनी वसूनां-राष्ट्रवासियों और उनके सम्पूर्ण वैभव को संगठित करने वाली शक्ति-राष्ट्री है'। (10.125.3) हम सबने भारत को भी भारत माता जाना। मां सर्वोत्तम अनुभूति है, प्रकृति की आदि अनादि अनुभूति। जीवन के हरेक स्पंदन में मां है। हम विराट का अंश है। मां भी विराट का अंश है। विराट अपने अंश हममें प्रकट करता है। मां को माध्यम बनाता है। हम 9 माह गर्भ में रहते हैं। मां की सांस हमारी सांस बनी रहती है। मां जागती रहती है, हम सो सकते हैं। वह सोई हो, तो भी हम जागते रह सकते हैं। गर्भ में हम ईर्ष्या राग द्वेष से मुक्त रहते हैं। भोजन, पानी और पोषण की चिन्ता से भी मुक्त। मां का गर्भ सर्वोत्तम सुरक्षा, सर्वोत्तम आनंद आश्रय और विकास के अवसर देता है। हम गर्भ से बाहर आते हैं, संसार में। उस समय मां असह्य और दुर्निवार व्यथा में होती है लेकिन हमारे संभवन को संभव बनाती है। वह हमारे होने, विकसित होने और सक्षम होने में अपनी भूमिका निभाती है। श्रीकृष्ण या श्रीराम को ईश्वर का अवतार कहा जाता है। वे भी मां के माध्यम से ही यहां आए। अस्तित्व को मां रूप में देखना आनंददायी है। हम पृथ्वी पुत्र हैं। पृथ्वी मां है। ऋग्वेद माता की गहन अनुभूति से भरापूरा है। ऋषि आनंद उल्लास और आश्वस्ति के हरेक प्रतीक में मां देखते हैं। पृथ्वी माता है। कहते हैं 'माता पृथ्वी धारक है। पर्वतों को धारण करती है, मेघों को प्रेरित करती है। वर्षा के जल से अपने अंतस् ओज से वनस्पतियां धारण करती है।' ऋग्वेद में रात्रि भी एक देवी हैं 'वे अविनाशी-अमत्र्या हैं, वे आकाश पुत्री हैं, पहले अंतरिक्ष को और बाद में निचले-ऊचे क्षेत्रों को आच्छादित करती है। उनके आगमन पर हम सब गौ, अश्वादि और पशु पक्षी भी विश्राम करते हैं।' (10.127) दुर्गा सप्तशती में निद्रा भी माता और देवी है। देवरूप मां की उपासना अतिप्राचीन है।

## कविता

मां एक एहसास।
मां एक एहसास
निशब्द,
अर्चना गृह में
माता की प्रार्थना करती
गूंजती आवाज
मंत्र की प्रतिध्वनि ,
पूजा अर्चना की मधुर
घंटियां ,श्लोक
प्रातः काल और मां,
पिताजी के कविता के
सस्वर पाठ की सार्थक साक्षी मां, एक अबोली
मौन पाठिका,
कवि गोष्ठियों की अहम मूक पात्र, एक सहृदय
आयोजिका,
एक गहरी मुस्कान
बनावटी गुस्सा पर
उदार ग्रहणी
अन्न ,खानपान से पूर्ण संपूर्ण अन्नपूर्णा,
घर के हर स्पर्श में मां,
तुलसी के चौरे में
दीपक की रोशनी से
पूरे आंगन में विचरती मां
रसोई के बर्तनों में खनकती मां,
हम सब को सबक सिखाती
गुस्से में तमतमाती मां,
ममता से ओतप्रोत
देर रात लौटने पर
एक जोड़ी आंखों से निराश मां

संजीव

---------

# भारत में नवरात्रा उत्सव कष्टों से मुक्ति

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर आदि अनादि काल से भारत आध्यात्मिक, आस्था का प्रतीक रहा है, जो हजारों वर्षों पूर्व के इतिहास में दर्ज है,जिसे हम कहानियों मान्यताओं के रूप में अपने पूर्वजों, पूर्वज पीडियों और वर्तमान में बड़े बुजुर्गों से सुनते आ रहे हैं। भारत एक सर्वधर्म धर्मनिरपेक्ष देश है जहां हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सहित अनेकों जातियों प्रजातियों उपजातियों द्वारा अपने-अपने स्तर व मान्यताओं के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। किसी को कोई पाबंदी नहीं है, यही भारतीय संविधान की खूबसूरती है, यह हम आज इसलिए कह रहे हैं क्योंकि 15 से 23 अक्टूबर 2023 तक शुभ नवरात्रा दिवस हैं जो प्रतिवर्ष अक्टूबर महीने की भिन्न-भिन्न तिथियां में मनाए जाते हैं। यह किसी एक राज्य में नहीं बल्कि अनेक राज्यों में गहरी आस्था के साथ मनाया जाता है। इस अवधिमें कठोर व्रत रखा जाता हैअपनीअपनी मान्यता सार्थकता के अनुसार- चप्पल नहीं पहनना, बाल शेविंग नहीं बनाना, नीचे धरती पर सोना,, ब्रह्मचर्य रहना मौन धारण करना सहित अपनी शक्ति के अनुसार अनेक प्रकारों की के बातों से दूर रहने का पालन अपनीमनोकामना पूरा करने, फल की चाहना के लिए मां दुर्गा काली से कामना करते हैं। इस वर्ष 15 से 23 अक्टूबर 2023 को 400 वर्षों बाद 9 दिन शुभ वाली स्थिति आई है जिसमें नवरात्र के 9 दिन ही खरीदी, निवेश सबसे अधिक फायदेमंद होने की बात धार्मिक विशेषज्ञों द्वारा बताई गई है तथा एक महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार मां दुर्गा गज यानें हाथी पर विराजमान होकर आ रही है।कुछ वर्षा साथ लेकर व विसर्जन के दौरान भी वर्षा का योग है। चूंकि इस वर्ष 9 दिन की नवरात्रा विशेष महत्वपूर्ण योग लेकर आई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में नवरात्र उत्सव कष्टों से मुक्ति, सुख समृद्धि का प्रतीक है। इस वर्ष 9 शुभ योग में नवरातत्रा के कारण खरीदी, निवेश फायदेमंद होंगे, ऐसा धार्मिक विशेषज्ञों का अनुमान है। साथियों बात अगर हम इस बार 15 -23 अक्टूबर 2023 को माता की सवारी और उसके महत्व की करें तो,इस बार शारदीय नवरात्रि की शुरूआत रविवार से हो रही है और जब रविवार के दिन से नवरात्रि शुरू होती है तो माता का वाहन हाथी होता है। हाथी पर सवार होकर माता का आगमन अधिक वर्षा का संकेत देता है। वैसे तो अलग अलग वार याने दिन के अनुसार नवरात्रि में मां दुर्गा के वाहन डोली, नाव, घोड़ा, भैंसा, मनुष्य व हाथी होते हैं, मान्यता के अनुसार यदि नवरात्रि सोमवार या रविवार से शुरू हो रही है तो मां दुर्गा का वाहन हाथी होता है, जो अधिक वर्षा के संकेत देता है। वहीं यदि नवरात्रि मंगलवार और शनिवार शुरू होती है, तो मां का वाहन घोड़ा होता है, जो सत्ता परिवर्तन का संकेत देता है।

## विचार

# पीएम मोदी की सुदृढ़ विदेश नीति

**डॉ दिलीप अग्निहोत्री**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर अपनी सुदृढ़ विदेश नीति का परिचय दिया है। उन्होंने इजरायल पर आतंकवादी संगठन हमास के हमले को निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि इस संकट के समय भारत, इजरायल के साथ है। वस्तुतः प्रधानमंत्री मोदी का निर्णय राष्ट्रीय हित और भारतीय विरासत के अनुरूप है। इजरायल, चीन और पाकिस्तान के विरुद्ध भारत का खुला समर्थन कर चुका है। संयुक्त राष्ट्र संघ से लेकर अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इजरायल ने भारत का साथ दिया है। उसने यहां तक कहा था कि भारत यदि चीन और पाकिस्तान के विरुद्ध कार्रवाई करेगा तो इजरायल पूरी सहायता देगा। हमास के हमले के समय भारत ने इजरायल के प्रति जो सहानुभूति दिखाई, वह नैतिक रूप से उचित है। वैसे भी भारत ने सदैव आतंकवाद का विरोध किया है। संयुक्त राष्ट्र संघ में आतंकवाद के विरुद्ध साझा रणनीति बनाने का प्रस्ताव मोदी ने ही किया था। जब से प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की कमान संभाली है, तब से आंतरिक और बाह्य सुरक्षा सुदृढ़ हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले कार्यकाल में ही इजरायल और अरब देशों के साथ संबंध बेहतर बनाने पर ध्यान दिया। यह नीति कारगर साबित हुई। मोदी के सौर ऊर्जा प्रस्ताव को भी अरब देशों का समर्थन मिल चुका है। संयुक्त राष्ट्र संघ में उनके अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को अरब देश भी स्वीकार कर चुके हैं। इस दिन वहां भी बड़े पैमाने पर योग के कार्यक्रम होते हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संयुक्त राष्ट्र में भारत का समर्थन किया था। उन्होंने कहा था कि कश्मीर भारत का हिस्सा है। यही नहीं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की थी। आज इजरायल, भारत का बड़ा सहयोगी बनकर उभरा है। अरब देश भी मोदी की नीतियों के मुरीद हुए हैं। मोदी की मध्यपूर्व नीति की बड़ी सफलता यह भी है कि उन्होंने अरब मुल्कों और इजरायल के साथ दोस्ती को मजबूत किया। इसके पहले कांग्रेस की सरकारों में इजरायल से दोस्ती को लेकर बड़ा संकोच था। उन्हें लगता था कि इजरायल से दोस्ती मुस्लिम देशों को नाराज कर देगी। मगर मोदी ने इसकी परवाह नहीं की। साहस दिखाया। अरब और इजरायल दोनों से संबंध बेहतर बनाकर दिखा दिया। वैसे भी दुनिया में अगर शांति, सौहार्द कायम करना है, मानवता को सुरक्षित रखना है तो आतंकवाद के खिलाफ साझा रणनीति बनानी होगी। आतंकवाद अब किसी एक क्षेत्र की समस्या नहीं है। यह सारी दुनिया के लिए खतरा है। अब जरूरत इस बात की भी है कि आतंकवाद को संरक्षण और वित्तीय सहायता देने वालों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया जाए। भारत का रुख इस पर बिलकुल साफ है। ओआईसी के सदस्य देश भी इसमें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। आतंकवाद शांति और सद्भावना को कमजोर करता है। साल 1988 में यासिर अराफात ने मध्यपूर्व में इजरायल के अस्तित्व को मान्यता देते हुए स्वतंत्र फिलिस्तीन निर्माण की नीति घोषित की थी। इसके बाद ही समाधान की संभावना दिखाई दी थी। किंतु इस नीति के विरोध में हमास की गतिविधियां बढ़ीं। वह लगातार क्रूर होता गया। अब तो उसने सारी हद पार कर दी है। मध्यपूर्व में यहूदी राष्ट्र के अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता। यह सच है कि अल अक्शा मस्जिद से मुसलमानों की आस्था जुड़ी है। मगर यह भी सत्य है कि यहूदियों की आस्था यहां के टेंपल माउंट से जुड़ी है। दावा है कि यहां उनके दो प्राचीन पूजा स्थल हैं। पहले को किंग सुलेमान ने बनवाया था। बेबीलोन्स ने इसे तबाह कर दिया था। फिर उसी जगह यहूदियों का दूसरा मंदिर बनावाया गया, जिसे रोमन साम्राज्य ने नष्ट कर दिया। इसका उल्लेख बाइबिल में भी बताया जाता है। जाहिर है कि इजरायल का दावा सर्वाधिक प्राचीन है। इस समय यहां इजरायल का कब्जा है। यरुशलम में ईसाइयों का द चर्च ऑफ द होली सेपल्कर है। मान्यता है कि ईसा मसीह को यहीं सूली पर चढ़ाया गया था। यहीं प्रभु यीशु के पुनर्जीवित हो उठने वाली जगह भी है। 1967 के युद्ध में इजराइल ने पूर्वी यरुशलम पर भी कब्जा कर लिया था। पूरे यरुशलम को ही वह अपनी राजधानी मानता रहा है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# डिजिटल प्रौद्योगिकियों का प्रभाव

**विजय गर्ग**

**हमारे** भविष्य को एक साथ आकार देना डिजिटल प्रौद्योगिकियों का प्रभाव प्रौद्योगिकियां हमारी दुनिया को अधिक निष्पक्ष, अधिक शांतिपूर्ण और अधिक न्यायपूर्ण बनाने में मदद कर सकती हैं। डिजिटल प्रगति 17 सतत विकास लक्ष्यों में से प्रत्येक की प्राप्ति में सहायता और तेजी ला सकती है - अत्यधिक गरीबी को समाप्त करने से लेकर मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने, टिकाऊ खेती और सभ्य कार्य को बढ़ावा देने और सार्वभौमिक साक्षरता प्राप्त करने तक। लेकिन प्रौद्योगिकियाँ गोपनीयता को भी खतरे में डाल सकती हैं, सुरक्षा को खत्म कर सकती हैं और असमानता को बढ़ा सकती हैं। इनका मानवाधिकारों और मानव एजेंसी पर प्रभाव पड़ता है। पिछली पीढ़ियों की तरह, हम - सरकारों, व्यवसायों और व्यक्तियों - के पास यह चुनने का विकल्प है कि हम नई तकनीकों का उपयोग और प्रबंधन कैसे करें। सभी के लिए एक डिजिटल भविष्य? डिजिटल प्रौद्योगिकियां हमारे इतिहास में किसी भी नवाचार की तुलना में अधिक तेजी से आगे बढ़ी हैं - केवल दो दशकों में विकासशील दुनिया की लगभग 50 प्रतिशत आबादी तक पहुंच गई है और समाज को बदल रही है। कनेक्टिविटी, वित्तीय समावेशन, व्यापार और सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच बढ़ाकर, प्रौद्योगिकी एक महान समतुल्य हो सकती है। उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य क्षेत्र में, एआई-सक्षम फ्रंटियर प्रौद्योगिकियां जीवन बचाने, बीमारियों का निदान करने और जीवन प्रत्याशा बढ़ाने में मदद कर रही हैं। शिक्षा में, आभासी शिक्षण वातावरण और दूरस्थ शिक्षा ने उन छात्रों के लिए कार्यक्रम खोल दिए हैं जिन्हें अन्यथा बाहर रखा जाएगा। ब्लॉकचेन-संचालित प्रणालियों के माध्यम से सार्वजनिक सेवाएं भी अधिक सुलभ और जवाबदेह हो रही हैं, और एआई सहायता के परिणामस्वरूप नौकरशाही पर बोझ कम हो रहा है। बड़ा डेटा अधिक प्रतिक्रियाशील और सटीक नीतियों और कार्यक्रमों का भी समर्थन कर सकता है। हालाँकि, जो अभी भी जुड़े हुए हैं वे इस नए युग के लाभों से कटे हुए हैं और और भी पीछे रह गए हैं।

# गजब की गिरफ्तारी

**डॉ. सुरेश कुमार**

**जैसा कि आपको** पता है कि आपकी लोहे जैसी भैंसों ने .........तारीख (आए दिन), ..........समय (चौबिसों घंटे) हमारे देश की शान नन्हीं-मुन्नी मासूम वंदे भारत गाड़ी पर हमला कर दिया। उसका सुंदर चेहरा टूट-फूट गया। जैसे-तैसे उसे रेलवे शेड के अस्पताल में ले जाकर मरहम-पट्टी की गई। यह सब आप लोगों की लापरवाही और भैंसों को इतना मजबूत बनाने के कारण हुआ है। हमें संदेह नहीं पूरा विश्वास है कि आप उन्हें खाने में आइरन, प्रोटीन और कार्बोहाईड्रेट्स से भरा मिड डे मिल्स खिलाते थे। उन्हें नन्हीं-मुन्नी मासूम वंदे भारत जैसी गाड़ियों पर हमला करने के लिए पटरियों के पास छोड़ देते थे।

आप लोगों को पता भी है कि मासूम और भोली-भाली वंदे भारत के साथ आपकी भैंसों ने क्या किया है? क्या आपको उसके गुणों के बारे में पता भी है? उसके गुणों का वर्णन इस प्रकार है- वंदे भारत बड़ी प्यारी गाड़ी है। एकदम मासूम, भोली-भाली और नादान। छोटे बच्चों से लेकर बड़े-बूढ़े तक प्यार करते हैं। इसका एकदम गोरा चेहरा। सामने की ओर निकला हुआ मुख। इसके लाइटें मृगनयनी की तरह सुंदर है। एक बार जो इसको देख ले वह इसी का बनकर रह जाता है। बच्चे तो इसी से खेलने की जिद करते हैं। केवल इसका चेहरा ही नहीं, मक्खन की तरह इसके पैर रूपी पहिए, अलग-अलग अंग रूपी बर्फी जैसे डिब्बे। दूध सी सफेदी ऐसी कि छुओ तो मैली हो जाए। इतनी खूबसूरत कि फिल्मी निमार्ता-निदेशक इसकी डेट लेने के लिए लाइन में खड़े हैं। घुटनों के बल चलने वाली मासूम सी वंदे भारत को अपनी भैंसों से मरवाते हुए आप लोगों को शर्म नहीं आई। इसका गुणगान दुनिया करती है। आज इसके मुखड़े की जो हालत हुई है, उसे देखकर देशभर के लोग बिलख-बिलखकर रो रहे हैं। उनकी हालत खराब होती जा रही है। उसे प्यार करने वाले, उसको छूने उसकी बांहों में खेलने के लिए अनगिनत लोग तड़प रहे हैं। जब से उन्हें पता चला है कि मासूम वंदे भारत के चेहरे पर चोट आई है, लोगों ने खाना-पीना छोड़ दिया है। उसकी सलामती के लिए होम-यज्ञ किए जा रहे हैं। मजारों पर चादर चढ़ाई जा रही है। गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएँ हो रही हैं। उसके दुख में लोग छाती पीट-पीट कर अपनी हालत खराब कर रहे हैं।

# 'पलवल में ट्रामा सेंटर बनने से मरीजों को मिलेगी राहत'

## ट्रामा सेंटर का जल्द उद्घाटन किए जाने की अपील मंत्री ने की

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा में** नारनौल के नागरिक अस्पताल में ट्रामा सेंटर बनकर तैयार हो चुका है। इस ट्रामा सेंटर के उद्घाटन के संबंध में आज प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से मुलाकात की। ट्रामा सेंटर का जल्द उद्घाटन किए जाने की अपील मंत्री ने की, ताकि आम नागरिकों को और बेहतर तरीके से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले। मंत्री यादव ने निर्माणाधीन कोरियावास मेडिकल कॉलेज की प्रोग्रेस के बारे में भी स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ के लिए यह



मेडिकल कॉलेज बहुत बड़ा तोहफा है। अब मेडिकल में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को दूसरे राज्यों तथा जिलों में जाने की बजाय

**तोहफा**

**8 विद्यार्थियों को दूसरे राज्यों तथा जिलों में जाने की बजाय अपने ही जिले में एडमिशन लेने का विकल्प भी मिल जाएगा**

अपने ही जिले में एडमिशन लेने का विकल्प भी मिल जाएगा। इसके अलावा इस मेडिकल कॉलेज में ओपीडी व अन्य सेवाओं से महेंद्रगढ़ सहित राजस्थान के साथ लगते जिलों के नागरिकों को भी बहुत बड़ा लाभ होने वाला है। स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह किया कि बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में स्टाफ की नियुक्ति की जाए तथा स्टाफ के लिए भवन निर्माण भी जल्द से जल्द करवाया जाए, ताकि लोगों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

उन्होंने बताया कि इस आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में आसपास के काफी नागरिक स्वास्थ्य लाभ लेने आते हैं।

मंत्री ओम प्रकाश यादव ने आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में बीएमसी के दाखिले हो जाने पर भी स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का आभार प्रकट किया उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र में ही लोगों को बीएमएस डिग्री प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

# डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के तहत विशेष सफाई अभियान की हुई शुरूआत



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**नगर** निगम अम्बाला के क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन व सफाई को लेकर अदालत में दायर हुई याचिका की अनुपालना करते हुए नगर निगम अम्बाला द्वारा एक विशेष सफाई अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अम्बाला शहर को साफ व सुंदर बनाना है। इस संदर्भ में नगर निगम अम्बाला द्वारा इस क्षेत्र की वेल्फेयर सोसाइटी, एनजीओ व अम्बाला जिला बार एसोसिएशन को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। इस विशेष सफाई अभियान की शुरूआत आज अम्बाला कोर्ट कंम्पलेक्स से की गई। गौरतलब है कि कुछ अधिवक्ताओं ने मिलकर रोहित जैन बनाम मुनिसिपल कॉरपोरेशन के नाम से एक जनहित याचिका पब्लिक यूटिलिटी सर्विस के तहत परमानेंट लोक अदालत में दायर की थी जिसकी एक्जीक्यूशन डॉ. मुकेश कुमार सिविल जज की अदालत में चल रही है। पिछले दिनों सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने पर अदालत ने नगर निगम की गाड़ियों को अटैच करने का आदेश भी दिया था। सुनवाई के दौरान वादी रोहित जैन आदि ने अदालत में यह पक्ष रखा था कि डिप्टी मुनिसिपल कमिशनर की रिपोर्ट के अनुसार शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जनता की भी भागीदारी की जरुरत है। साथ ही उन्होंने अदालत में यह कहा था कि यह याचिका अम्बाला शहर वासियों की भलाई के लिए ही डाली गई है जब तक नगर निगम शहर वासियों की

**अभियान**

**8 निगम अम्बाला द्वारा इस क्षेत्र की वेल्फेयर सोसाइटी, एनजीओ व अम्बाला जिला बार एसोसिएशन को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था**

भागीदारी सुनिश्चित नहीं करेगा तब तक सारे प्रयास व्यर्थ रहेगे! नगर निगम द्वारा अदालत में याचिकर्ता की बात से सहमत होते हुए शहर में जागरूकता अभियान चलाने के लिए कुछ समय माँगा गया और इसी संदर्भ में नगर निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत रेजीडेंटल वेल्फेयर एसोसिएशन, एनजीओ आदि की भागीदारी से शहर के अलग अलग हिस्सों में सफाई अभियान चलाया जाएगा और जनता को भी सफाई के लिए जागरुक किया जाएगा। इस सफाई अभियान के लिए नगर निगम द्वारा अम्बाला कोर्ट काम्प्लेक्स से शुरूआत की गयी जो की समय समय पर शहर के अलग अलग हिस्सों में चलाया जायेगा! आज कोर्ट कंम्प्लेक्स के सफाई अभियान में जिला बार एसोसिएशन के प्रधान रोहित जैन, बार एसोसिएशन के सचिव संदीप कुमार शर्मा, अधिवक्ता दविंदर सिंह सांगवान, अधिवक्ता तेजपाल शर्मा, अधिवक्ता राजेश कुमार वर्मा, राजन मेहदीरता , राजीव जैन, सतिंदर पाल सिंह आदि ने नगर निगम की टीम के साथ भाग लिया ।

## न्यूज फ्लैश

### भगवान वाल्मीकि जी के आदर्शों को अपनाएः मिहा सिंह रंगा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ शाहाबाद (दलबीर मलिक)** शाहाबाद में "भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस" के उपलक्ष में आज सुबह प्रभात फेरी का स्वागत आदरणीय रामलाल मचल के परिवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित समाजसेवी मिहा सिंह रंगा को कमेटी व मचल परिवार द्वारा आशीर्वाद दिया गया । भजन मंडली द्वारा कीर्तन के माध्यम से भगवान वाल्मीकि जी के आदर्शों का गुणगान किया गया। समाजसेवी मिहा सिंह रंगा ने कहा कि हम सबको भगवान वाल्मीकि जी के आदर्शों पर चल कर समाज और देश की सेवा करनी चाहिए। मिहा सिंह रंगा ने कहा कि हम सबको भगवान वाल्मीकि जी के प्रगट दिवस पर संकल्प लेना चाहिए की नशे जैसी महामारी को दूर करें और बच्चों को अधिक से अधिक पढ़ाकर उनका भविष्य बनाएं। इस अवसर पर सभी बुद्धिजीवी, समाजसेवी उपस्थित रहे।

### गन्ने के बकाए का भुगतान नहीं हुआ तो किसान करेंगे सीएम के जन संवाद का विरोध



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) जनसवांद कार्यक्रम** को लेकर हरियाणा प्रदेश के सीएम मनोहर लाल खट्टर अम्बाला के शहजादपुर पहुंच रहे है। जिसके चलते किसानों ने संज्ञान लेते हुए कहा है कि जन सवांद का मतलब होता है लोगो की समस्याएं सुनना न की सिर्फ किसी पार्टी विशेष की प्रशंसा करना है। किसानों का कहना है कि यदि सीएम आज नारायणगढ़ के शहजादपुर में आने से पहले गन्ना किसानों की बकाया पेमंट 42 करोड़ के जल्द भुक्तान की घोषणा नहीं करेंगें तो ही यह जनसवांद कार्यक्रम सफल माना जाएगा। इतना ही नहीं यदि सीएम मनोहर लाल यहां पर आकर भी गन्नें की पेमंट जल्द देने की घोषणा करते है तो भी वह किसानों के लिए बेहतर होगा।

इसके साथ ही किसानों ने प्रशासनिक अधिकारियों से भी गुहार लगाई है की उन्हे अपनी बात रखने के लिए सीएम के जनसवांद कार्यक्रम में जाने दिया जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो वे मजबुरन इस जनसवांद कार्यक्रम का विरोध करेंगें और काले झण्डे दिखाकर प्रदर्शन करेंगें। गौरतलब है कि कल अम्बाला में बनने वाले एयरपोर्ट का शिलान्यास होने जा रहा है। जिसके लिए सीएम मनोहर लाल पहुंच रहे है। इसके साथ ही शहजादपुर में उनका जनसवांद कार्यक्रम भी होगा। जिसमें वे लोगो की समस्याएं भी सुनेंगें।

### मादक पदार्थ तस्करी के दोषी को पांच साल कैद की सजा

**सोनीपतः बरोदा** थाना क्षेत्र के गांव जागसी के पास से मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में गिरफ्तार आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. संजीव आर्य की अदालत ने दोषी को पांच साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 20 हजर रुपये जुमार्ने की सजा दी है। जुमार्ना अदा न करने पर तीन माह अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी।

मादक पदार्थ निरोधक स्टाफ सेक्टर-3 में नियुक्त तत्कालीन एएसआई यशवीर सिंह ने 1 नवंबर, 2019 को बरोदा थाना पुलिस को बताया था कि वह अपनी टीम के साथ खंदराई बस स्टैंड के पास मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि जागसी के पास बाइक सवार व्यक्ति मादक पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है। जिस पर टीम सहित मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने उसे पकड़ लिया था। पुलिस ने उसके पास मादक पदार्थ होने का शक जताया था। व्यक्ति ने अपनी तलाशी अधिकारी के सामने देने की बात कही थी। तब तत्कालीन एएसपी उदय सिंह मीणा को बुलाया गया था। उनके सामने आरोपित की तलाश ली गई थी। उसके पास से 850 ग्राम चरस मिली थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। उसकी पहचान पानीपत के गांव उरलाना कलां निवासी वेदप्रकाश के रूप में हुई थी।

# भगवान परशुराम कॉलेज में हुआ इंटर कॉलेज लॉन टेनिस प्रतियोगिता का हुआ समापन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर** मलिक )कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित पुरुष और महिला वर्ग के जॉन और इंटर जोन लॉन टेनिस स्पर्धा के मुकाबले भगवान परशुराम कॉलेज के प्रांगण में करवाए गए । पुरुष वर्ग में पांच टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शीशपाल जी तथा खेल समिति के संयोजक प्रोफेसर हीरालाल शर्मा जी



उपस्थित रहे 'प्राचार्य शीशपाल जी ने खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा, खेल ही एक ऐसा माध्यम है जो हमें शारीरिक तंदुरुस्ती ही नहीं मानसिक शांति भी प्रदान करता है उन्होंने दो दिवसीय इस प्रतियोगिता के लिए पुरुष और महिला दोनों वर्गों के टीमों को अपनी शुभकामनाएं दी । पुरुष वर्ग में इस प्रतियोगिता में एस डी कॉलेज अंबाला कैंट की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया । गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर की टीम पुरुष वर्ग में द्वितीय तथा एस ए जैन कॉलेज की टीम तृतीय स्थान पर रही। भगवानपुर परशुराम कॉलेज की के खिलाड़ियों ने भी चतुर्थ स्थान हासिल किया। इस अवसर पर डॉ सौरव त्रिखा, डॉ दिलबाग सिंह, डॉ नितिन सहगल, धीरज जी व अन्य कॉलेजों से आए खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# कुत्तों से परेशान होकर सेशन जज ने हाई कोर्ट को दी शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला** में कुत्तों के आतंक से जज भी परेशान है। उनका घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। पंजाब एवं हरियाणा कोर्ट ने अंबाला के डीसी को आदेश दिए हैं कि वह ज्यूडिशियल कॉम्प्लेक्स और जजों के घरों के बाहर से कुत्तों को पकड़कर शहर के बाहर कम आबादी वाली जगह पर ले जाकर छोड़ें। हाई कोर्ट के जस्टिस अरविंद सिंह सांगवान ने इस मामले में अगली सुनवाई 31 अक्टूबर को तय की है। वहीं अंबाला के डीसी ने हाईकोर्ट में जवाब दायर कर कहा कि अंबाला नगर निगम और अर्बन टाउन प्लानर ने कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण के लिए टेंडर मांगे हैं। हाईकोर्ट ने इसके जवाब में कहा कि जज घरों से बाहर सैर करने के लिए भी नहीं निकल पा रहे हैं। इससे जजों को राहत नहीं मिलेगी। अंबाला के एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज ने कुत्तों को लेकर शिकायत डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज को दी है। उनका कहना है कि उनके 2 ऑफिशियल स्टाफ को भी कुत्तों ने काटा है। वहां से निकलना मुश्किल हो गया है। इसके बाद शिकायत को हाईकोर्ट भेजा गया था। कुत्तों को लेकर दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान यूटी प्रशासन ने कहा कि इसके लिए बायलाज तैयार किए जा चुके हैं और इन्हें नगर निगम की बैठक में पेश किया गया है।

# छावनी सिविल अस्पताल में विश्व प्रशामक देखभाल दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** छावनी के नागरिक अस्पताल स्थित अटल कैंसर केयर सेंटर में विश्व प्रशामक देखभाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नागरिक अस्पताल के प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर राकेश सहल मुख्य रूप से उपस्थित रहे जबकि कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विकास गुप्ताए डॉक्टर चित्रा शर्माए डॉक्टर पियोली मुकुटावत ने भी इस अवसर पर उपस्थित कैंसर के मरीज व उनके अभिभावकों को जागरूक किया। डॉ पियोली ने बताया कि आज



इस कार्यक्रम में अनेक लोगों ने भाग लिया। उन्होंने यह भी बताया कि हम लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते है तो वहीं लोगों को यह भी बताया कि वह लोग जो केंसर की 4 स्टेज पर है या फिर जिन लोगों का घातक बिमारियों के चलते जीवन का समय बेहद कम रह गया है उन्हें राहतकारी इलाज करते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पहली बार योजना बनाई जा रही है कि एक टीम जिसमें डॉक्टर, नर्स ऐसे रोगियों के घर जाएगी और होम विजिट करेगी तथा रोगी को देखेगी और उससे बातचीत करेगी तथा उसके दुख दर्द को जानेगी।

# जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः मुरथल थाना** पुलिस ने जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आशीष निवासी टिकौला का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मलिकपुर निवासी रमेश ने गत 2 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसका लड़का अक्षय घर से सोनीपत जा रहा था। जब वह भिगान चौक पर पहुंचा। उसी दौरान गांव के मनीष व उसके साथियों ने उसका रास्ता रोककर तेजधार हथियार व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। उसे जान से मारने की कोशिश की।

# 'देशभक्ति गीतों से सजी सुरमई शाम' कार्यक्रम आयोजित

**देशभक्ति**

**8 एक बार फिर "देशभक्ति एवम सदाबहार गीतों से सजी सुरमई शाम" का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अम्बाला म्यूजिकल** क्लब द्वारा एक बार फिर "देशभक्ति एवम सदाबहार गीतों से सजी सुरमई शाम" का आयोजन किया गया। क्लब चेयरमैन डॉ नवीन गुलाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह भव्य आयोजन अम्बाला म्यूजिकल क्लब द्वारा पुलिस डी ए वी पब्लिक स्कूल, अम्बाला



शहर के सहयोग से स्कूल प्रांगण में किया गया। जिसमें देशभक्ति के गीतों के माध्यम से भारतवर्ष के अमर वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और साथ ही सदाबहार गीतों के माध्यम से संगीत जगत के अमर सितारों जैसे की लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, मुकेश आदि को याद किया गया।

इस कार्यक्रम में पूजा डाबला, ए एस पी, अम्बाला ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। साथ ही राजिंद्र विज, प्रधान, योग फेडरेशन, डॉ विकास कोहली, प्रिंसिपल पुलिस डी ए वी पब्लिक स्कूल, प्रदीप ग्रोवर, सामाजिक कार्यकर्ता एवम अमनप्रीत कौर, निर्देशक आईफा ने बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हो सुरमई शाम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब के सभी सदस्यों, मुख्य अतिथि एवम सभी विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। डॉ नवीन गुलाटी ने मंच का सफल संचालन किया और क्लब सेक्रेटरी दीपिका मल्होत्रा ने सभी अतिथियों एवम कार्यक्रम में उपस्थित सभी संगीत प्रेमियों का स्वागत किया। तत्पश्चात क्लब के बेहतरीन गायकों जैसे की संजीव भूटानी, नीति गोगिया, शिव आनंद, मनीषा मल्होत्रा, परमजीत बत्रा, कमल भारद्वाज, लक्की सिंह, कबीर भोला आदि ने मेरा रंग दे बसंती चोला, चिट्ठी आई है, दिल है के मानता नहीं, ज़िंदगी मौत न बन जाए संभालो यारों, प्यार दीवाना होता है।

# छावनी के डिफेंस कॉलोनी में फैक्टरी पर छापा, लाखों का सामान बरामद



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला छावनी** के नजदीक डिफेंस कॉलोनी में एक फैक्टरी में रेड पड़ते ही हड़कम मच गया। यहां पर पुलिस को कुछ ऐसा सामान भी मिला जिससे नियमों को ताक में रखकर यहां बनाया जा रहा था। ऐसे में पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए आसपास के लोगों से भी जांच करनी शुरू कर दी। वही पुलिस को बताया गया था कि यहां पर लंबे समय से यह काम चल रहा था। पुलिस का कहना था कि यहां पर हम जांच कर रहे है तथा जो दवाईयां मिली है उनमें उच्च हॉमोर्न है। यहां तक की यह समान बनाने की अनुमति ही नहीं है लेकिन फिर भी यहां पर फैक्टरी लगाते हुए यह उत्पाद बनाया जा रहा था। पुलिस को भारी मात्रा में यहां से कुछ गोलियों के पत्ते भी बरामद हुए। पुलिस भी हजारों की संख्या में देख हैरान थी। माना जा रहा है कि यह फैक्टरी लंबे समय से यहां चलाई जा रही थी। पुलिस द्वारा पुख्ता सूचना के बाद यहां पर रेड की गई और इस फैक्टरी का भांडाफोड हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से डिफेंस कॉलोनी अत्यंत सुरक्षित मानी जाती है यहां पर दवाओं का अवैध निर्माण कार्य लंबे समय से चल रहा था वोल्ट फार्मा इंटरनेशनल के नाम से चल रहे अवैध दवाईयों के कारोबार में सेहत बनाने के लिए मन से जो युवा बॉडी ग्रो जैसे उत्पाद बाजार से इस सोच से खरीदते हैं कि उनकी सेहत अच्छी होगी परंतु यहां मौका देखने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि युवा अनजाने में अपने शरीर का पतन करने में लगे हुए हैं। जांच करने पर पता लगा कि करीब 1 साल से यहां जिम में उपयोग होने वाले उत्पादों का निर्माण चल रहा था डिब्बों पर लगे मार्कों के अनुसार अंडमान निकोबार से सामान मंगाया जाता था सूचना मिलते ही ड्रग कंट्रोर्ल सहित अनेक अधिकारी यहां पहुंचे। मौके पर ड्रग्स कंट्रोल ऑफीसर हेमंत ग्रोवर सीनियर ड्रग्स कंट्रोल ऑफिसर सुनील दहिया उत्पादों की बारीकी से जांच पड़ताल करने में व्यस्त हैं सूचना मिली है कि प्रशासनिक मुख्यालय पंचकूला से असिस्टेंट स्टेट ड्रग्स कंट्रोलर बृजेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंच रहे हैं मौके पर मिली दावों की कीमत को यदि आंका जाए तो यह एक करोड़ से ऊपर की शुरूआती जांच में लग रही है।

# हवन यज्ञ के साथ 11 दिवसीय व्रत का शुभारंभ किया

**मुख्य अतिथि के रूप में पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा के प्रतिनिधि देवेन्द्र संधू व अनिल शर्मा पहुंचे**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**नूरवाला की इंदिरा** विहार कॉलोनी स्थित श्री शिव मंदिर में श्री बालाजी महावीर सेवा दल के हनुमान भक्तों ने प्रातः हवन यज्ञ के साथ अपने 11 दिवसीय व्रत का शुभारंभ कर दिया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा के प्रतिनिधि देवेन्द्र संधू व अनिल शर्मा पहुंचे। वहीं हनुमान स्वरूप धारण करने वाले हनुमान भक्तों सहित सभी सेवकों ने हवन में आहुति डाली। इस अवसर पर श्री बालाजी महावीर सेवा दल के



प्रधान रविंद्र, उप प्रधान सोनू पाल, खजांची सुमित कटारिया, प्रशांत कालू के अलावा महाराज दीपक, तरुण, साहिल, गोलू, सोनू गिल, सोनू मेहता ,ऋतिक, केशव, राहुल के अलावा सेवक सागर, मोनू, पाला जोगी, पीकू, सौरभ, बिंद्र, अरुण, अमित, हर्ष, नरेंद्र बावा, आशीष, विनय, वंश, गोल्डी, हीरा, रोशन, बॉबी, काका, तुषार, दीपू, विकास, मयंक, नन्नू, अंकुर, मोदी, नोनी, हिमांशु, माइकल, तनिष्क, हिमांशु, नमित, लवकेश, नभम, आलम, विक्रम, गगन बावा, रॉबिन, अंकुश, राहुल, मोहित, अमन, रोहित व भैरवी आदि मौजूद रहे। जबकि श्री शिव मंदिर सेवा समिति के संरक्षक विनोद पांचाल, जयभगवान, प्रधान बनारसी दास बावा, उप प्रधान अमर सिंह पाल, कोषाध्यक्ष धर्मबीर खन्ना, महासचिव मोहन लाल, मदन लाल मजोका व नफे सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर अतिथियों का फूल मालाओ से स्वागत किया ।

# अटल सेवा केंद्र से हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**बहालगढ़ थाना** क्षेत्र स्थित अटल सेवा केंद्र से सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। क्षेत्र की एएनएम ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। बहालगढ़ निवासी सुषमा ने बताया कि गांव में नया सेंटर बनाया गया था। वर्ष 2021 में सीवरेज व बारिश का पानी सेंटर में भर गया। जब उसने सेंटर को खोला तो सारार सामान अलमारियां गंदे पानी के कारण जरे हुए व गले हुए मिले। सेंटर पर रखा सारार सामान खराब हो गया। सेंटर से कुर्सियां, बोस चेयर, पंखे, कॉपर, कॉपर टी सैट, गैस चूल्हा, गैस सिलेण्डर, बीपी मैन्यूल, कांउटर, डयूब लाइट, बेबी वेट मशीन, डयूब लाइट, हब सेंटर, एनीमिया कैन प्लास्टिक, नेजल प्लास्टिक, सहित रिकार्ड खराब हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदम दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सुखबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# 'दूसरी लहर में कोरोना के कारण हुई थीं ज्यादा मौतें'

## चिकित्सा जगत में पहली और दूसरी लहर में कोरोना का कहर अब भी अध्ययन का विषय बना हुआ है

**रिपोर्ट**

8 डेल्टा वैरिएंट के संक्रमण के दौरान कोरोना के भयावहता को याद करके लोग अब भी कांप उठते हैं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कोरोना** खत्म हो चुका है, लेकिन दूसरी लहर में डेल्टा वैरिएंट के संक्रमण के दौरान कोरोना के भयावहता को याद करके लोग अब भी कांप उठते हैं, जब अस्पतालों में मरीजों को बेड नहीं मिल पा रहे थे। अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी हो गई थी। लोग अस्पताल में इमरजेंसी के बाहर दम तोड़ रहे थे। चिकित्सा जगत में पहली और दूसरी लहर में कोरोना का कहर अब भी अध्ययन का विषय बना हुआ है। इस बीच एम्स के डॉक्टरों द्वारा किए गए अध्ययन में यह बात सामने आई है कि कोरोना की पहली लहर की तुलना में दूसरी लहर में कोरोना के कारण करीब 12 गुना अधिक मरीजों की मौतें हुई थीं।

**राष्ट्रीय कैंसर संस्थान को बनाया गया था अस्पताल:** एम्स के डॉक्टरों का यह अध्ययन हाल ही में क्यूरियस जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित हुआ है। कोरोना के दौरान एम्स ने राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआइ) को कोविड अस्पताल बनाया था। पहली लहर में मार्च 2020-दिसंबर 2020 के बीच इस अस्पताल में कोरोना के 6,333 और अप्रैल 2021- जून 2021 के बीच इस अस्पताल में 2,080 मरीज भर्ती हुए थे। इन पर तुलनात्मक अध्ययन में पाया गया कि पहली लहर के दौरान अस्पताल में भर्ती कुल 2.4 प्रतिशत मरीजों की मौत हुई। जबकि दूसरी लहर में 20.3 प्रतिशत मरीजों की मौत हुई थी।

पहली लहर में कोरोना करीब डेढ़ प्रतिशत मरीजों की मौत का कारण बना था। जबकि दूसरी लहर में यह 17.7 प्रतिशत मरीजों की मौत का कारण बना। अध्ययन में शामिल एक डॉक्टर ने बताया कि पहली लहर में 90.4 प्रतिशत मृतकों को कोरोना के अलावा कोई दूसरी गंभीर पुरानी बीमारी भी थी। जो लोग पहले से स्वस्थ थे उनको कोरोना से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ था। लेकिन दूसरी लहर में 61.1 प्रतिशत मृतकों को ही को-मार्बिडिटी (कोई पुरानी बीमारी) थी।

### पहली लहर में कम मरीजों को पड़ी ऑक्सीजन की जरूरत

**काफी** ऐसे मरीजों ने जान गंवाई जिन्हें पहले से कोई बीमारी नहीं थी। कोरोना के कारण फेफड़े में संक्रमण और सांस की परेशानी के कारण मौत के शिकार हुए। पहली लहर में सिर्फ 9.6 प्रतिशत मरीजों को ऑक्सीजन की जरूरत पड़ी थी।
दूसरी लहर में 42.8 प्रतिशत मरीजों को आक्सीजन की जरूरत पड़ी। इस तरह दूसरी लहर में पहली लहर की तुलना में करीब साढ़े चार गुना अधिक मरीजों को आक्सीजन की जरूरत पड़ी थी।

# बेबी, मैं तुम्हारे लिए 9 दिन का फास्ट रखूंगा...'सुकेश चंद्रशेखर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मनी** लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की मंडोली जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने जैकलीन फर्नांडिस को फिर से एक और लेटर लिखा है। इस पत्र में सुकेश ने दोहा शो में अभिनेत्री के लुक की काफी तारीफ की है। साथ ही ठग ने बताया कि वह उनके लिए वह नवरात्र में 9 दिनों के व्रत रखेगा।

**सत्य की होगी जीत:** सुकेश ने जेल से लिखे अपने पत्र में लिखा, बेबी, जैसा कि कल से नवरात्र शुरू हो रहे हैं। मैं आपके जीवन में पहली बार तुम्हारी खुशी के लिए और हमारे आसपास से नकारात्मकता को दूर करने के लिए पूरे नवरात्र व्रत रखने जा रहा हूं। देवी मां की शक्ति से सब कुछ ठीक हो जाएगा और अंत में सत्य की जीत होगी। चाहे कुछ भी हो जाए हम दोनों जल्द ही एक-दूसरे के साथ होंगे।

**तुम्हें प्यार करने से मुझे कोई नहीं रोक सकता:** सुकेश ने यह भी बताया कि वह मां वैष्णो देवी मंदिर और महाकालेश्वर मंदिर पर एक विशेष आरती का आयोजन कराने वाले हैं। बेबी, जीत हमारी ही होगी और दुनिया देखेगी कि हम पर कोई भी आरोप सच नहीं होगा। तुम्हें किसी भी बात को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अब इस सबकी उल्टी गिनती या शुरू हो गई हैं। मुझे तुम्हें प्यार करने और केयर करने से कोई भी ताकत नहीं रोक सकती है।

# दोस्तों के झगड़े में गई जान: बीच बचाव कर रहे युवक को चाकू से गोदा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जामा** मस्जिद इलाके में दोस्त की जन्मदिन पार्टी मनाने जा रहे एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी। चार की संख्या में आए हमलावरों का मृतक के एक दोस्त से एक दिन पहले झगड़ा हुआ था और चारों आरोपी उसी दोस्त की पिटाई करने आए थे। मारपीट के दौरान मृत युवक बीच बचाव कर रहा था। घायल युवक को उसके दोस्तों ने लोकनायक अस्पताल में ले गए। जहां ऑपरेशन के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के दोस्तों के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।



**हमलावरों की हुई पहचान:** पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हमलावरों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। मृत युवक की पहचान अरीब (18) के रूप में हुई है। वह अपने पिता असलम परवेज, मां और दो भाइयों के साथ गली कुआं वाली चितली कबर जामा मस्जिद इलाके में रहता था। उसके पिता स्क्रैप कारोबारी हैं।

**पुलिस को मिली चाकू मारने की सूचना:** पुलिस अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात 1.48 बजे लोकनायक अस्पताल से पुलिस को एक युवक को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। अस्पताल पहुंची पुलिस को पता चला कि चाकू लगने के बाद युवक को उसके दोस्त अस्पताल लेकर आए थे।

# दिल्ली में प्रदूषण पर वार: 'ग्रीन वॉर रूम' से चप्पे-चप्पे पर नजर

**नई दिल्ली:** राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली सरकार गंभीर है। निर्माण स्थलों पर जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन पर 21 निर्माण स्थलों को नोटिस जारी कर 8.35 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एंटी डस्ट कैंपेन चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत संबंधित टीमों ने अभी तक 1108 निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि एंटी डस्ट कैंपेन चलाया जा रहा है, जो 7 नवंबर तक चलेगा। ये टीमें दिल्ली के अंदर अलग-अलग स्थानों पर चल रहे निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर रही हैं और मानदंडों के उल्लंघन पर कार्रवाई की जा रही हैं।

# कोहरे की वजह से बदल सकता है आपकी फ्लाइट का शेड्यूल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सर्दियां** आते ही वातावरण में कोहरे की चादर दिखने लगती है। इसके चलते न सिर्फ सड़क यातायात बल्कि हवाई यातायात भी प्रभावित होता है। कोहरे की अनुमानित अवधि (10 दिसंबर से 10 फरवरी तक) के दौरान एयरलाइनों को विमानों के परिचालन को लेकर फॉग को लेकर योजना बनाने का निर्देश दिया गया है। इसे लेककर नागरिक उड्डयन मंत्रालय की सलाहकार समिति ने नई दिल्ली में समीक्षा बैठक की और सर्दियों के मौसम से पहले 'कोहरे की योजना' पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने की।



**विमानन मंत्रालय ने की कोहरे की योजना की समीक्षा:** इस दौरान सिंधिया ने कहा कि डीजीसीए द्वारा सक्रिय रुख अपनाने से कोहरे की अवधि के दौरान उड़ानों को रद्द करने और उनके मार्ग को बदलने के मामलों में गिरावट आई है। कोहरे की अवधि के दौरान पिछले दो साल में हवाई जहाजों की आवाजाही में 22 प्रतिशत का इजाफा हुआ। वर्ष 2021-22 में, कुल 136374 विमानों की आवाजाही में से 124 उड़ानें रद्द की गई थीं। इस तरह विमानों के रद्द करने की दर 0.09 प्रतिशत थी। वहीं, वर्ष 2022-23 में कुल 166927 विमानों की आवाजाही में से रद्द होने वाली उड़ानें कम होकर 86 रह गईं। इस तरह रद्द होने की दर 0.05 प्रतिशत रही। इसी तरह 2021-22 में, कोहरे का सामना करने वाले आठ मुख्य हवाई अड्डों से 58 उड़ानों का मार्ग बदला गया, जिनकी संख्या 2022-23 में घटकर 14 रह गई।

**समीक्षा**

8 कोहरे की अवधि के दौरान उड़ानों को रद्द करने और उनके मार्ग को बदलने के मामलों में गिरावट आई है

**10 दिसंबर से 10 फरवरी के बीच रहता है ज्यादा कोहरा:** कोहरा एक मौसमी घटना है, जो आमतौर पर जमीनी स्तर से कुछ हजार फीट ऊपर तक सीमित रहती है। सर्दियों के मौसम में कोहरे के कारण 1000 मीटर से नीचे खराब दृश्यता पैदा हो जाती है। यह स्थिति भारत के उत्तरी हिस्सों तक ही सीमित नहीं है।

# सर गंगा राम ट्रस्ट सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष चंद्रा का निधन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सर गंगा राम** ट्रस्ट सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व अधिकारी अशोक चंद्रा का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। अस्पताल और उसके कर्मचारी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। अशोक चंद्रा विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों में नीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1990 के दशक की शुरूआत में उन्होंने उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के सलाहकार के रूप में भी काम किया। सर गंगा राम अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि अशोक चंद्रा ने 1959 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से गणित में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में अपने शानदार करियर की शुरूआत की। चंद्रा ने उत्तर प्रदेश में महत्वपूर्ण पदों पर काम किया। उद्योग विभाग में सचिव और राज्य जल निगम के अध्यक्ष के रूप में औद्योगिक विकास और जल संसाधन प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों में महत्वपूर्ण नीतियों और कार्यक्रमों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के चुनौतीपूर्ण समय के दौरान उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के सलाहकार के रूप में भी काम किया। उनकी विरासत लोक सेवकों और परोपकारियों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी।

# '180 सोसाइटी के पानी में मिला अमोनियाकल नाइट्रोजन-टीडीएस'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**द्वारका की** 180 हाउसिंग सोसाइटी से लिए गए पानी के नमूने में अमोनिकल नाइट्रोजन व टोटल डिजाल्व सालिड (टीडीएस) मिलने पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने चिंता जाहिर की। हालांकि, इस संबंध में उठाए गए कदम के संबंध में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) द्वारा दाखिल रिपोर्ट में कोई जिक्र नहीं होने पर भी एनजीटी ने सवाल उठाया। एनजीटी चेयरमैन प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य सुधीर अग्रवाल व पर्यावरण सदस्य ए सेंथिल वेल की पीठ ने कहा कि केमिकल मिलने के संबंध में रिपोर्ट में न तो कोई स्पष्टीकरण है और न ही इसे सुधारने के लिए उठाए गए कदम का ही रिपोर्ट में कोई जिक्र किया गया है। सुनवाई के दौरान अदालत डीपीसीसी ने इस संबंध में जरूरी कदम उठाने व मामले की सही तस्वीर पेश करने के लिए एनजीटी से चार सप्ताह का समय मांगा। डीपीसीसी के अनुरोध को स्वीकार करते हुए मामले में दो अलग-अलग रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया। एनजीटी ने कहा कि मौके पर मिली तथ्यात्मक स्थिति और इस संबंध में उठाए गए कदम पर आठ सप्ताह के अंदर रिपोर्ट दाखिल करें। रिपोर्ट में डीपीसीसी ने यह भी कहा कि 235 सोसाइटी से पानी के नमूने लिए गए थे और इसमें से 180 सोसाइटी में अमोनियाकल नाइट्रोजन व टीडीएस मिला है। एनजीटी उक्त टिप्पणी व आदेश आवेदनकर्ता महेश चंद्र सक्सेना के आवेदन पर किया। महेश चंद्र शर्मा ने हाउसिंग सोसाइटी के अंदर लगे वर्षा जल संरक्षण के पानी के दूषित होने के मामले को लेकर आवेदन दाखिल किया था।




नौ फरवरी को एनजीटी मामले में मुख्य सचिव को संबंधित अधिकारियों से चर्चा करके रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। एनजीटी ने अच्छी तरह से डिजाइन की गई वर्षा जल संचयन प्रणाली की स्थापना व इससे जुड़े दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए उठाए गए कदम के संबंध में रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। हालांकि, एनजीटी ने कहा कि स्पष्ट निर्देश के बावजूद भी रिपोर्ट में संबंधित मुद्दे को कवर नहीं किया गया।

**पेश होगा रिपोर्ट**

8 डीपीसीसी ने इस संबंध में जरूरी कदम उठाने व मामले की सही तस्वीर पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा

# दिल्ली में मर्डर: दोस्तों संग मिलकर दिया वारदात को अंजाम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी-उत्तरी** के नरेला इलाके में 12 अक्तूबर को गुलशन नामक युवक की चाकू के 20 वारकर हत्या करने के मामले में अपराध शाखा ने मुख्य आरोपी को दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सुमित उर्फ काके (19) के रूप में हुई है। आरोपी ने शराब के नशे में धुत होकर अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था।

**आरोपी के बाकी साथियों की तलाश जारी:** लोकल पुलिस ने मामले में एक नाबालिग आरोपी को पहले ही दबोच लिया था। पुलिस सुमित के बाकी साथियों की तलाश कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पुलिस मामले की जांच कर रही है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया है कि दबदबा बनाने के लिए उसने वारदात को अंजाम दिया।


**पार्क में बैठ पी रहे थे शराब:** अपराध शाखा के विशेष आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि बृहस्पतिवार रात को सुमित अपने दोस्तों के साथ नरेला इलाके के डीडीए पार्क में बैठकर शराब पी रहा था। इस दौरान गुलशन अपने दोस्तों के साथ वहां पहुंचा। गुलशन और सुमित के बीच पहले से किसी बात को लेकर विवाद था। इसी बीच सुमित ने पहले गुलशन की पिटाई कर दी।

**वारदात को अंजाम देकर फरार हुए अपराधी:** गुलशन वहां से चला गया और कुछ देर बाद वापस लौटा। इस बार सुमित ने अपने साथियों के साथ मिलकर गुलशन पर चाकू से हमला कर दिया।

# हिंदू कॉलेज का ब्यॉज हॉस्टल होगा जमींदोज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
80 सालों से डीयू के हिंदू कॉलेज के छात्रों का सुख-दुख का साथी रहा ब्यॉज हॉस्टल अब जमींदोज होने वाला है। पुरानी होने की वजह से बिल्डिंग टूटकर फिर से नई बनेगी। हिंदू कॉलेज के हॉस्टल के रीमेक की खबर से यहां वक्त गुजारे पूर्व छात्रों की यादें ताजा हो गई है। इमतियाज अली समेत कई डायरेक्टर्स है जिन्होंने इस हॉस्टल में समय गुजारा है। हिंदू कॉलेज का ब्यॉज हॉस्टल' नॉर्थ कैंपस के सुधीर बोस मार्ग पर 1953 में बना था। इस हॉस्टल में कई नामचीन हस्तियों ने वक्त गुजारा है।

**50 करोड़ की लागत से बनेगा नया हॉस्टल:** हिंदू कॉलेज की प्रिंसिपल ने बताया कि जिस हॉस्टल ने हजारों छात्रों के सिर पर छत दी, 80 साल बाद उसको तोड़कर फिर से बनाने का फैसला किया गया है। प्रिंसिपल ने बताया कि नई बिल्डिंग चार मंजिला इमारत होगी और यह इमारत 2026 तक तैयार हो जाएगी। प्रिंसिपल श्रीवास्तव ने बताया कि मौजूदा इमारत 80 साल पुरानी है और प्रशासन इसकी मरम्मत के लिए बहुत पैसा खर्च कर चुका है। प्रिंसिपल ने बताया कि नया हॉस्टल 50 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा, जिसमें 500 स्टूडेंट्स की रहने की क्षमता होगी। फेमस डायरेक्टर इमतियाज अलने भावुक होकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर हॉस्टल की कुछ तस्वीरें शेयर की है। साथ ही इमतियाज अली ने लिखा, "क्या मैं आखरी बार तुम्हें देख सकता हूं। मेरा बहुत कुछ यहां पर है।" फिल्म डायरेक्टर नलिन सिंह ने समाचार ऐजेंसी पीटीआई से कहा कि हमारी आत्मा अभी भी यहां रहती है।



**यादें..**

8 हिंदू कॉलेज के हॉस्टल के रीमेक की खबर से यहां वक्त गुजारे पूर्व छात्रों की यादें ताजा हो गई है

# अगले 24 घंटे में बारिश की संभावना

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
**पश्चिमी** विक्षोभ के सक्रिय होने से मैदानी इलाकों में जहां बारिश तो वहीं पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। राजधानी दिल्ली के मौसम विशेषज्ञों ने इस सप्ताह के अंत तक सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ की दस्तक से दिल्ली-एनसीआर के मौसम में बदलाव आने की संभावना पहले ही जाहिर कर दी थी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि इससे तापमान में करीब तीन से चार डिग्री तक की कमी आएगी। राजधानी में मौसम का मिजाज प्रतिदिन बदल रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण 15 से 17 अक्तूबर के बीच बारिश की संभावना है। इससे तापमान में और गिरावट आएगी। आईएमडी की वेबसाइट द्वारा जारी किए आंकड़ों पर नजर डालें तो दिल्ली के सफदरजंग इलाके में बीते 24 घंटों में अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री दर्ज हुआ। वहीं न्यूनतम तापमान 21.1 डिग्री दर्ज किया गया।

इससे पहले मौसम वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया था कि इस सप्ताह के अंत में एक पश्चिमी विक्षोभ दस्तक दे रहा है। इसका असर 15 अक्तूबर को जम्मू कश्मीर, व हरियाणा के उत्तरी हिस्से में देखने को मिलेगा। इसके बाद 16 अक्तूबर को पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में इसका असर रहेगा।

# युवती को बंधक बनाकर 12 लाख रुपये लूटे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
चांदनी चौक स्थित एक घर में युवती को बंधक बनाकर बदमाशों ने 12 लाख रुपये लूट लिए। वारदात के दौरान युवती घर में अकेली थी। मामले में उत्तरी जिले के कोतवाली थाना पुलिस ने लूटपाट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। वारदात को एक महिला समेत चार बदमाशों ने अंजाम दिया है। खास बात यह है कि बदमाश गहनों को छोड़कर सिर्फ नकदी लूट कर ले गए हैं। वारदात को सुलझाने के लिए जिले की स्पेशल स्टाफ और एएटीएस की टीम भी लगाई गई है।

**लहंगे की दुकान चलाता है पीड़ित:** पुलिस के मुताबिक, कूचा रहमान इलाके में सरवन हुसैन अपनी पत्नी और चार बच्चों के साथ रहते हैं। सरवन की इलाके में लहंगे की दुकान है और बड़ी बेटी सामिया शादीशुदा है, लेकिन ससुराल से विवाद होने के चलते वह पिता के पास ही रहती हैं।



**जांच जारी**

8 युवती घर में अकेली थी। मामले में उत्तरी जिले के कोतवाली थाना पुलिस ने लूटपाट की धारा में रिपोर्ट दर्ज

**घर पर अकेली थी बड़ी बेटी:** सरवन हुसैन हमेशा की तरह अपनी दुकान पर चले गए थे। दोपहर में उनकी पत्नी बच्चों को स्कूल से लाने के लिए दरियागंज गई हुई थीं। इस दौरान घर पर सामिया अकेली थी।

इसी बीच एक महिला ने दरवाजा खटखटाया तो सामिया बाहर निकली। महिला जबरन घर में घुस गई और उसके पीछे तीन युवक भी आ गए।

# मैच के लिए एलएनजेपी अस्पताल ने टीम भेजने से किया इनकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी के** अरुण जेटली स्टेडियम में रविवार को होने वाले इंग्लैंड और अफगानिस्तान के मैच के लिए मेडिकल टीम भेजने से लोक नायक अस्पताल ने इनकार कर दिया है। अस्पताल प्रशासन ने आरोप लगाया है कि उनके टीम के सदस्यों के साथ स्टेडियम स्टाफ का बर्ताव बहुत बुरा रहता है। टीम ने सेवाएं देने से मना कर दिया है। ऐसे में अगर कोई आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होती है, तो मुसीबत खड़ी हो सकती है। अरुण जेटली स्टेडियम में अभी तक दो मैच हुए हैं। पहला मैच सात अक्टूबर को साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के बीच हुआ था। दूसरा 11 अक्टूबर को भारत और अफगानिस्तान के बीच खेला गया था। दोनों ही मैचों में अपोलो अस्पताल के अलावा लोक नायक अस्पताल ने अपना 15 सदस्यीय दल भेजा था।

**नहीं देंगे सेवाएं**

8 अस्पताल प्रशासन ने आरोप लगाया है कि टीम के सदस्यों के साथ स्टेडियम स्टाफ का बर्ताव बहुत बुरा रहता है

**जांच जारी**

## पैसे न देने की सूरत में महिला ने उसकी अश्लील वीडियो वायरल करने और दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी

# महिला ने कारोबारी को हनी ट्रैप में फंसाकर 50 हजार रुपये की फिरौती मांगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/फरीदाबाद**
हरियाणा के फरीदाबाद में लिफ्ट के बहाने एक कारोबारी की कार में बैठी महिला ने कारोबारी को हनी ट्रैप में फंसाकर 50 हजार रुपये की फिरौती की मांग की। पैसे न देने की सूरत में महिला ने उसकी अश्लील वीडियो वायरल करने और दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी। कारोबारी को डराने के लिए महिला के कुछ साथियों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर पीड़ित को धमकाया और केस दर्ज कर पीटने की बात भी कही। दो दिन पहले महिला ने पीड़ित पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करा दिया। पीड़ित युवक ने आरोपियों की बातें रिकॉर्ड कर लीं और पुलिस को सारी सच्चाई बताई। पुलिस ने महिला सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सैनिक कॉलोनी के निवासी रूपचंद ने सेक्टर 17 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया वह दिल्ली में इवेंट मैनेजमेंट का काम करते हैं। 27 सितंबर रात करीब 10 बजे कार से घर की तरफ लौट रहे थे। मैगपाई होटल के पास लघुशंका के लिए कार से उतरे तो एक महिला ने सेक्टर 21 जाने के लिए उनसे लिफ्ट मांगी। रूपचंद ने कहा वह उधर नहीं जा रहा। इस पर महिला ने बीके चौक तक छोड़ने की बात कही। आरोप है कार में बैठते ही महिला ने रूपचंद के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दी। विरोध करने पर महिला ने कहा वह शोर मचाकर लोगों को इकट्ठा कर देगी। महिला के कहने पर रूपचंद ने एक दुकान से बिरयानी खरीदी और सेक्टर 21 की तरफ चले गए। महिला उसे सेक्टर-21 स्थित मायरा होम्स नाम के होटल में ले गई। यहां निशा राजपूत नाम से कमरा बुक किया गया था। आरोप है महिला ने कमरे में रूपचंद के साथ कुछ वीडियो बनाए और गाली गलौज कर विवाद बढ़ाने लगी। परेशान होकर पीड़ित घर के लिए निकलने लगा तो महिला ने कहा कि उसे ओल्ड फरीदाबाद चौक के पास एक ओयो में छोड़ दो। अगले दिन महिला ने फोन पर पैसों की मांग शुरू कर दी। आरोपी महिला ने कहा कि पचास हजार रुपये नहीं देगा तो वीडियो और फोटो वायरल कर देगी। रूपचंद ने फोन बंद कर लिया।




**छानबीन**

8 आरोप है कार में बैठते ही महिला ने रूपचंद के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दी

**खुद को पुलिस अधिकारी बताकर मांगे 50 हजार:** शिकायतकर्ता का कहना है महिला के फोन करने के अगले दिन उसके पास दोबारा से फोन आया। कॉलर ने कहा वह सेक्टर 19 चौकी से संजय तंवर बोल रहा है।

निशा नाम की महिला तुम्हारे खिलाफ शिकायत लेकर आई है। कुछ ले-दे कर मामला खत्म करवा सकता हूं। इसी बीच संजय ने चौकी प्रभारी से भी बात कराने की बात कही।

## न्यूज फ्लैश

### येज्डी" सॉन्ग ने धमाल मचाया; प्रतिष्ठित येज्डी मोटरसाइकिल्स को संगीतमय उपहार

**रोहतक।** पॉप संस्कृति के साथ जावा और येज्डी मोटरसाइकिलों का जुड़ाव उनके इतिहास का एक उल्लेखनीय पहलू है और वे देश में पॉप संस्कृति के मुख्य-मंच पर शानदार वापसी कर रहे हैं। सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म जवान में प्रदर्शित किए जाने के बाद, येज्डी ब्रांड फिर से एक सुरीले पंजाबी गीत - "येज्डी" के साथ सुर्खियों में आ गया है, जो प्रतिष्ठित मोटरसाइकिल के लिए संगीतमय भेंट है, जिसने मोटरसाइकिल के शौकीन लोगों के दिलों और पॉप संस्कृति में अमिट छाप छोड़ी है। यह ट्रैक इस क्लासिक बाइक से जुड़े रोमांच, रोमांस और स्वतंत्रता की भावना को समाहित करता है। "येज्डी" सिर्फ एक गाना नहीं है; यह एक संगीतमय यात्रा है जो श्रोताओं को पिछले समय में वापस ले जाती है, पुरानी यादों और भावनाओं को जागृत करती है। अपनी भावपूर्ण और हृदयस्पर्शी रचनाओं के लिए जाने जाने वाले सतिंदर सरताज ने इस ट्रैक में अपना दिल और आत्मा डाल दी है। गायक, गीतकार और संगीतकार के रूप में, उन्होंने एक ऐसा राग तैयार किया है जो येज्डी मोटरसाइकिल के सार और उनसे जुड़ी भावनाओं को खूबसूरती से दर्शाता है। "ट्रैवल डायरीज" सतिंदर सरताज का एक बहुप्रतीक्षित एल्बम है, और "भाग 1: मुसाफिर" इस संगीतमय साहसिक यात्रा की शुरूआत है। यह एल्बम श्रोताओं को भावनाओं, कहानी कला और आत्मा से गूंजने वाली धुनों से भरी यात्रा पर ले जाने का वादा करता है। शुरूआती ट्रैक के रूप में "येज्डी" के साथ, एल्बम आने वाले समय के लिए स्वर निर्धारित करता है।

### इस फेस्टिव सीजन में फ्लिपकार्ट दे रहा है अपने स्मार्टफोन को अपग्रेड करने का सुनहरा मौका

**गुरुग्राम।** भारत में त्योहारी सीजन का मतलब होता है उत्सव। साथ ही हम में से ज्यादातर लोगों के लिए यह अपने गैजेट्स, खासकर स्मार्टफोन्स को अपडेट करने का मौका भी होता है। फ्लिपकार्ट ने विभिन्न पेमेंट ऑप्शन, सेलर्स की ओर से मिलने वाली शानदार डील्स और बेहतरीन शॉपिंग एक्सपीरियंस के साथ डिवाइसेज का व्यापक पोर्टफोलियो प्रदर्शित करते हुए स्मार्टफोन को लेकर ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए कई कदम उठाए हैं। लाखों भारतीय ग्राहकों, एमएसएमई, कारीगरों, ब्रांड्स के एक बड़े इकोसिस्टम को वैल्यू एवं कन्वीनियंस (मूल्य एवं सहूलियत) देते हुए फ्लिपकार्ट के बिग बिलियन डेज ने इस त्योहारी उत्साह को नई ऊंचाई दी है। फ्लिपकार्ट अपने सेलर्स की ओर से कई डील्स एवं बैंक ऑफर्स, सभी फोन पर नो-कॉस्ट ईएमआई और एक्सचेंज ऑफर्स के साथ प्रीमियम स्मार्टफोन्स को किफायती एवं सभी की पहुंच में ला रहा है। मोटोरोला एज 40 सीरीज, वीवो टी2 प्रो, रियलमी 11 प्रो सीरीज 5जी और रेडमी नोट 12 प्रो जैसे विभिन्न मॉडल्स के साथ कर्व्ड स्क्रीन, ओआईएस और फास्ट चार्जिंग जैसी नवीनतम स्मार्टफोन टेक्नोलॉजी अब ज्यादा किफायती हो गई हैं। इनके साथ-साथ पोको एम6 प्रो 5जी, वीवो टी2एक्स 5जी, सैमसंग गैलेक्सी एफ14 5जी, रियलमी 11एक्स 5जी और मोटोरोला जी54 5जी जैसे मॉडल्स फ्लिपकार्ट पर ग्राहकों के लिए पसंदीदा 5जी मॉडल्स बने हुए हैं। रियलमी सी53, सैमसंग गैलेक्सी एफ 14 5जी, इनफिनिक्स हॉट 30आई, पोको सी51 जैसे कई एंट्री लेवल स्मार्टफोन भी फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध हैं और नए स्मार्टफोन यूजर्स की पहली पसंद बन रहे हैं। एप्पल आईफोन 14, गूगल पिक्सल 7ए, मोटोरोला एज 40, वीवो टी2 सीरीज, एस22 व एस21 एफई समेत सैमसंग एस सीरीज और रियलमी 11 प्रो सीरीज जैसे फ्लैगशिप मॉडल सहित स्मार्टफोन की बड़ी रेंज ग्राहकों को अपना पसंदीदा स्मार्टफोन चुनने का मौका देती है।

### लाइफबॉय ने एच फॉर हैण्डवाशिंग गेम्स लॉन्च कर खेलों के जरिये हाइजीन को बढ़ावा दिया

**नई दिल्ली।** दुनिया के नंबर 1 बिकने वाले जर्म प्रोटेक्शन सोप ब्राण्ड लाइफबॉय ने भारत की अग्रणी टॉय डिजाइन कंपनियों में से एक, इमैजिमेक के साथ भागीदारी की है। यह भागीदारी 15 अक्टूबर 2023 को मनाए जाने वाले ग्लोबल हैण्डवाशिंग डे (जीएचडी) को देखते हुए एच फॉर हैण्डवाशिंग गेम्स को लॉन्च करने के लिये हुई है। इन अभिनव खेलों के लिये लाइफबॉय के बिहेवियर चेंज मॉडल से मार्गदर्शन मिला है और यह भारत के बच्चों को शामिल तथा शिक्षित करने के लिये हैं, जिसके लिये खेल के मजे को हाथों की स्वच्छता के आवश्यक अभ्यास से जोड़ा जाएगा।

एच फॉर हैण्डवाशिंग गेम्स इस थकावट को लाइफबॉय का सीधा जवाब है, जिसका लक्ष्य खेलों की बदलाव लाने वाली ताकत का इस्तेमाल करते हुए बच्चों के बीच हाथों की स्वच्छता की सेहतमंद आदत फिर से डालना है। लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए, मधुसूदन राव, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर- दक्षिण एशिया (ब्यूटी एण्ड पर्सनल केयर), हिन्दुस्तान यूनिलीवर, ने कहा, ह्लएच फॉर हैण्डवाशिंग गेम्स में हमारे ब्राण्ड का उद्देश्य एवं प्रतिबद्धता साफ झलकती है कि हाइजीन की उन अच्छी आदतों के लिये प्रेरित किया जाए और बढ़ावा दिया जाए, जो जीवनभर साथ रहें। भारत के पुराने बोर्डगेम्स को जो नयापन दिया गया है, सफाई में होने वाली थकावट (हाइजीन फटिग) के मुद्दे को वह रचनात्मक तरीके से सम्बोधित करता है और हाथ धोने की प्रक्रिया को मजेदार, रोमांचक तथा रोजाना के खेल का हिस्सा बनाता है। हमें विश्वास है कि यह खेल सीखने के लिये सबसे प्रभावी साधनों में से एक, यानि खेल की मदद से बच्चों के बीच हाथ धोने की प्रासंगिकता को दोबारा मजबूत करेंगे।

# मेयर ने हरियाणा सिविल सर्विस परीक्षा में चयनित मुद्रा को दी शुभकामनाएं

## तारा नगर स्तिथ मुद्रा रहेजा के घर पहुँच कर परिजनों से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**हरियाणा लोक** सेवा आयोग द्वारा आयोजित की गई हरियाणा सिविल सर्विस परीक्षा में सोनीपत निवासी मुद्रा रहेजा ने छठा रैंक प्राप्त किया। शनिवार को नगर निगम सोनीपत मेयर निखिल मदान ने तारा नगर में उनके घर पहुँच कर मुद्रा रहेजा और उनके पूरे परिवार को अपनी शुभकामनायें दी। मेयर निखिल मदान ने कहा कि मुद्रा रहेजा भविष्य में भी



इसी तरह सफलता के पथ पर आगे बढ़ती रहे वो ऐसी कामना करते हैं। मुद्रा रहेजा की यह उपलब्धि निश्चित तौर पर शहर की बेटियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत का काम करेगी। जिससे आगे और भी बेटियां इस तरह की सफलता हासिल करेगी। शहर के हिंदू विद्या पीठ स्कूल से पढ़ी मुद्रा रहेजा ने बताया कि उन्होंने अपनी स्नातक की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कालेज से पूरी की। उसके बाद उन्होंने सेल्फ स्टडी से आज यह सफलता हासिल की। इसका श्रेय वो परम पिता परमात्मा और अपने परिजनों को देती है। मुद्रा रहेजा ने बताया कि उनका अगला लक्ष्य यू पी एस सी की परीक्षा पास करना है, जिसके परीक्षा परिणाम का वो इंतजार कर रही है। साथ ही समाज की बेहतरी के लिए कार्य करना उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान मुद्रा के पिता राजेश रहेजा उनकी माता ममता रहेजा सहित परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

**बधाई**

8 मुद्रा रहेजा ने बताया कि उनका अगला लक्ष्य यू पी एस सी की परीक्षा पास करना है

## राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में रोहित ने जीता स्वर्ण



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**मध्य प्रदेश** के विदिशा जिले के शमशाबाद में हुई 67वीं राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में सत्यार्थ प्रकाश विद्यापीठ मोहाना के पहलवान रोहित ने स्वर्ण पदक जीत कर प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया है। स्वर्ण पदक विजेता का स्कूल में पहुंचने पर प्रबंधक अशोक मलिक, रामविलास व मुख्याध्यापिका नीलम सहित अन्य शिक्षकों ने फूलमाला व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रबंधक अशोक मलिक ने बताया कि उनके स्कूल के छात्र रोहित ने 35 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता है। पहलवान रोहित ने अपनी इस सफलता का श्रेय स्कूल को दिया। प्रबंधक अशोक मलिक ने स्कूल के सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शिक्षिका गीता देवी, इंदु, रीतु, ओमपति, पूजा, सुनिल मलिक, रमेश, चेतना, मीना देवी मौजूद थे।

## अमित बिंदल गांव प्रहलादपुर में सुनी जन समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया/खरखोदा**

**प्रदेश** भाजपा नेता अमित बिंदल गांव प्रहलादपुर विधानसभा खरखोदा में पहुंचे और आमजन की समस्याएं सुनी एवं गांव वासियों को राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड वितरित किए। गांव में पहुंचकर भाजपा नेता अमित बिंदल ने गांव वासियों को भारतीय जनता पार्टी की जनहित नीतियों से अवगत कराया और सभी ग्राम वासियों ने भाजपा में अपनी आस्था जताई और भविष्य में आने वाले चुनाव में भाजपा का पूर्णतया सहयोग देने का आश्वासन दिया। गांव में बैठकर के सभी के बीच में अमित बिंदल ने गांव वासियों की समस्याएं सनी और भविष्य में इन समस्याओं का समाधान करवाने का भी आश्वासन दिया।

## महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः सिविल** लाइन थाना सोनीपत पुलिस ने शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने व धमकी देने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हिमांशु उर्फ गोपी है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

एक महिला ने सिविल लाइन थाने में एक अक्टूबर को शिकायत देकर बताया था कि उसका उसके पति के साथ तलाक हो गया था। वह फैक्टरी में नौकरी करती थी। सोशल साइट के जरिए उसकी पहचान हिमांशु के साथ हो गई। उसने उसे शादी का झांसा दिया। उसके साथ जून 2023 से लेकर अब तक दुष्कर्म करता रहा। शादी की बात कहने पर धमकी देने लगा।

## 'संपत्ति कर व प्रोपर्टी आईडी में त्रुटियों को दूर करने के लिए 15 को लगाए जाएंगे विशेष शिविर'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**नगर निगम** के आयुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले लोगों संपत्ति कर तथा प्रोपर्टी आईडी में त्रुटियों को दूर करने के उद्देश्य से 15 अक्टूबर, 2023 को प्रातः 10 बजे से सांय 04 बजे तक विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने आम जनमानस का आह्वान किया कि जिन वार्डों में ये विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं वे इन शिविरों का पूर्ण लाभ उठाते हुए संपत्ति कर व प्रोपर्टी आईडी की त्रुटियों को दूर करवायें। निगमायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि नगर निगम की सीमा में संपत्तिकर से संबंधित विवरण में कोई भी त्रुटि (जैसे नाम, एरिया, कैटेगरी इत्यादि) हो तो वह एनडीसी पोर्टल पर ऑनलाईन भी अपनी




आपत्ति दर्ज करवा सकता है। इसके साथ ही निगम द्वारा संपत्ति कर तथा एनडीसी पोर्टल पर संबंधित व्यक्ति अपनी जायदाद संबंधित त्रुटियों (जैसे नाम, एरिया, कैटेगरी इत्यादि) को शिविरों में भी हिस्सा लेकर दूर करवा सकता है। उन्होंने संपत्तिकर दाताओं का आह्वान किया कि वे अपने संपत्तिकर रिकॉर्ड तथा बिल में दुरुस्ती करवाने के लिए वार्ड अनुसार आयोजित किये जा रहे शिविरों में संबंधित प्रोपर्टी के रजिस्टर्ड दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। निगमायुक्त ने बताया कि 15 अक्टूबर को वार्ड नंबर-11 से वार्ड नंबर-14 के लिए नगर निगम कार्यालय में (ड्यूटीरत कर्मचारी-जितेन्द्र लिपिक, मो. नं. 8059693003), वार्ड नंबर-15 व 16 के लिए गुडमण्डी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में (ड्यूटीरत कर्मचारी-कनिष्ठ अभियंता राहुल व सुशील), वार्ड नंबर-17 व 18 के लिए सेक्टर-23 स्थित फायर ऑफिस में (ड्यूटीरत कर्मचारी-रविन्द्र लिपिक) तथा वार्ड नंबर-19 व 20 के लिए मालवीय स्कूल में (ड्यूटीरत कर्मचारी कनिष्ठ अभियंता अंकुर तथा प्रदीप) विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

# एजेंसी की लापरवाही से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों से उड़ रहे धूल के गुबार, उद्योगपतियों के लिए बना जी का जंजाल

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**बड़ी औद्योगिक क्षेत्र** की क्षतिग्रस्त सड़क पर रोडे डालने का काम कर रही एजेंसी की लापरवाही से गाड़ी चलते ही धूल का घना गुबार उड़ता है। जो उद्योगपतियों के लिए जी का जंजाल बन गया है। औद्योगिक क्षेत्र में दिनभर धूल और मिट्टी से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय उद्योगपतियों ने निमार्णाधीन सड़क पर पानी का छिड़काव करने की मांग की है। गौरतलब है कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सड़कें कई



जगहों से बुरी तरह से उखड़ चुकी हैं। जिस वजह से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते एचएसआईआईडीसी विभाग द्वारा फेज 1 में 11 करोड रुपये की लागत से सड़क निर्माण का काम शुरू करवाया था जो काफी दिनों से बंद पड़ा है। ऐसे में टूटी सड़क औद्योगपतियों के लिए बेहद परेशानी का सबब बन गई थी। जिसके बाद ध्सड़क पर रोड़े डालने का काम किसी दूसरे ठेकेदार को सौंपा गया। ठेकेदार द्वारा सड़कों पर रोडे डलवाने का काम शुरू करवा दिया गया। अब सड़क से उड़ रही धूल के कारण लोग और वाहन चालकों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। एसोसिएशन द्वारा सड़क निर्माण के लिए मांग करने के बावजूद भी स्थति जस की तस बनी हुई है। एमएसएमई औद्योगिक एसोसिएशन बड़ी के प्रधान नवीन कौशिक ने बताया कि उन्होंने शनिवार को उपायुक्त डा. मनोज कुमार के साथ बैठक कर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के बारे में उन्हें अवगत करवाया। उन्होंने सड़क निर्माण करवाने की भी मांग की है।

- हर दिन होता है छिड़काव

इस बारे में सड़क पर रोडे डालने का काम कर रहे ठेकेदार मनोज कुमार ने बताया कि उन्होंने सड़क पर रोड़े डलवा दिए हैं।

सड़क पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव भी करवाया जा रहा है। यदि फिर भी धूल उड़ रही है तो वह खुद जा कर पानी का छिड़काव करवाएंगे।

## एसजीटी यूनिवर्सिटी ने की अपने सिनर्जी टेक फेस्ट के छठे एडिशन की भव्य शुरूआत

**गुरुग्रामः** एसजीटी यूनिवर्सिटी ने 11 अक्टूबर को अपने बहुप्रतीक्षित 'सिनर्जी टेक्नो-फेस्ट' के पहले दिन की शुरूआत बेहद उत्साह और जोश के साथ की है। यह यूनिवर्सिटी टेक्नो-फेस्ट का छठा एडिशन है, जो टेक-प्रेमियों को साइंस, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप के चमत्कारों को देखने, सीखने और अनुभव करने का एक आदर्श स्थान प्रदान करता है। इसके अलावा, बड़ी संख्या में स्कूल, कॉलेज व अन्य विश्वविद्यालयों के हजारों छात्रों ने भी इस टेक्नो-फेस्ट के विभिन्न वैज्ञानिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

इस उद्घाटन समारोह के बाद, कार्यक्रम के पहले दिन एक शानदार ड्रोन प्रतियोगिता के साथ-साथ रोबोट प्रतियोगिता के अंतर्गत बोट्स के बीच जंग और 50 प्रतिभाशाली टीमों की एक बेहतरीन नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता भी देखने को मिली।

कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए, एसजीटी यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. (डॉ.) ओ. पी. कालरा ने कहा, "यह छात्रों के लिए अपने तकनीकी कौशल को सीखने और प्रदर्शित करने व विज्ञान के प्रति अपने प्रेम को प्रेरित करने के लिए, सबसे अच्छे कार्यक्रमों में से एक है। सभी को इतने उत्साह से भाग लेते हुए देखना बहुत अच्छा है। पहले दिन की ऊर्जा को देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि अगले दो दिनों में आखिर क्या होने वाला है।"

इसका मुख्य उद्देश्य कम उम्र में छात्रों के लिए रिसर्च को बढ़ावा देने के साथ-साथ छात्रों को सीखने का अनुभवात्मक अवसर प्रदान करना तथा उनके एंटरप्रेन्योरशिप स्किल्स को विकसित करना है। उत्सव की एक और खास विशेषता गांव की महिलाओं द्वारा साइट पर स्वादिष्ट बाजरा-आधारित पारंपरिक थालियां तैयार करना है।

## टोल प्लाजा पर गोली चलाने की वारदात में शामिल तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**मुरथल** थाना पुलिस ने टोल प्लाजा भिगान पर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सागर निवासी पुरखास, संदीप व शुभम निवासी चिटाना के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस मिरांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से गंभीरता से पूछताछ की जा रही है। गांव कालुवाहर होशियारपुर निवासी दीदार ने गत 8 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताय था कि वह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर गांव भिगान स्थित टोल पर कार्यरत है। टोल पर एक सफेद गाड़ी आकर रूकी। जिसमें तीन युवक बैठे हुए थे। गाड़ी दिल्ली-पानीपत साइट लाइन में आई। टोल फीस अदा करने से मना कर दिया। दोनों ने टोल का बुम बेरियर को हाथ से खोलना चाहा।

## राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन 15 तक करें आवेदन

### 26 नवंबर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाएंगे राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**उपायुक्त** डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार के लिए ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए हैं।

उन्होंने कहा कि इच्छुक पशुपालक 15 अक्टूबर तक उपरोक्त पोर्टल पर आवेदन भेज सकते हैं।

उपायुक्त ने बताया कि मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत पशुपालन और डेयरी विभाग, पशुपालन और डेयरी क्षेत्र के प्रभावी विकास के लिए अथक प्रयास कर रहा है, ताकि किसानों को स्थाई आजीविका प्रदान की जा सके। भारत की स्वदेशी गोजातीय नस्लें बहुत अच्छी हैं और उनमें राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अनुवांशिक क्षमता मौजूद है। स्वदेशी गोजातीय नस्लों का वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण और विकास करने के उद्देश्य से देश में पहली बार दिसंबर 2014 में राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम) की शुरूआत की गई थी।

उपायुक्त ने बताया कि आरजीएम के तहत, दूध उत्पादक किसानों, डेयरी सहकारी समितियों/एफपीओ और कृत्रिम गभार्धान तकनीशियनों (एआईटी) को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, इस विभाग ने 2023 के दौरान भी निम्नलिखित तीन श्रेणियों में राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार प्रदान करना जारी रखा है। जिसमें पंजीकृत स्वदेशी मवेशी,मुर्रा भैंस नस्लों को पालने वाले सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान, सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी समिति (डीसीएस)/दूध उत्पादक कंपनी (एमपीसी)/डेयरी किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) व सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गभार्धान तकनीशियन (एआईटी) शामिल है। उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2023 में पहली दो श्रेणियों यानी सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान और सर्वश्रेष्ठ को निम्नानुसार योग्यता प्रमाण पत्र, एक स्मृति चिन्ह और नकद पुरस्कार शामिल हैं।

# विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन, छात्रों ने दिखाए जौहर

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**

**मौहल्ला** चौधरीयान स्थित हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नारनौल में शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने अपने सक्रिय मॉडल प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अजय कुमार, प्रधानाचार्य मुसनोटा, श्री जितेंद्र नाथ, रिटायर्ड हेड मास्टर, श्री देवेंद्र वर्मा, अंग्रेजी प्राध्यापक, श्री संगीत शर्मा, भौतिक प्राध्यापक, श्री धीरज कुमार, भौतिक प्राध्यापक एवं विद्यालय चेयरमैन श्री हितेंद्र



शर्मा, निदेशिका श्रीमती संगीता शर्मा, प्राचार्य अवनीश कुमार व कार्यक्रम संयोजक राहुल सोनी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष डीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल का प्रस्तुतीकरण किया। इस प्रदर्शनी में सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की विज्ञान परियोजनाएं प्रदर्शित की गई जिसमें भौतिक, विज्ञान रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किए गए। जिसमें मानव शरीर की संरचना, भूकंप चेतावनी यंत्र, स्वचालित स्ट्रीट लाइट सिस्टम, ज्वालामुखी, सौरमंडल, डायलिसिस प्रक्रिया, बैंक सुरक्षा संबंधित अलार्म, हाइड्रोलिक जेसीबी, अम्ल वर्षा मॉडल, आदित्य एल1 सूर्ययान, 3डी होलोग्रामज तंत्रिका तंत्र, मानव मस्तिष्क की संरचना, रसायन विज्ञान की आवर्त सारणी, वर्षा जल संग्रहण आदि सहित 45 मॉडल का प्रस्तुतीकरण किया। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण केंद्रबिंदु चंद्रयान-3 का मॉडल रहा।

विद्यालय चेयरमैन श्री हितेंद्र शर्मा व निदेशिका श्रीमती संगीता शर्मा ने छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व अतिथिगणों को संबोधित करते हुए बताया कि यह प्रदर्शनी मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की स्मृति में लगाई गई है क्योंकि डॉक्टर कलाम एक समर्पित शिक्षक थे और किसी भी अन्य चीज से पहले उन्होंने स्वयं को इस भूमिका में सबसे आगे बताया था। विद्यालय का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उनके काम, उपलब्धियां, पुस्तकों, व्याख्यानों और एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व से प्रेरित करना है जिसे हमेशा याद किया जाएगा।

विद्यालय प्राचार्य अवनीश कुमार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों का धन्यवाद किया और सभी प्रतिभागियों को समृद्धि चिह्न देकर सम्मानित किया।

# महिला ने सास-ससुर व पति पर लगाया अभद्रता व मारपीट करने का आरोप

## महिला ने मामले को लेकर पुलिस को दी शिकायत, विभिन्न धाराओं के तहत किया मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सेक्टर-27 शहर** सोनीपत थाना क्षेत्र में महिला ने अपने सास-ससुर प पति पर अभद्रता करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जाचं कर रही है। मकान नंबर-बी-1 जिंदल ग्लोबल सिटी निवासी एक महिला ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2003 में हुई थी। उसका पति ऑन लाइन मेडिकल टरेनस में काम करता है। उसके ससुर पुलिस विभाग से रिटायर्ड है। बार-बार उसे धमकी देते रहते है। उस पर पुलिस गिरी का घर पर रोब चलाते है। उसे प्रापर्टी से बेदखल करने की धमकी देते रहते है। उसकी सांस उसे गंदी गालियां देते रहती है। उसके साथ मारपीट करती है। उसका पति भी उससे मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देता है। पीड़िता ने बताया कि उसका पति किसी दूसरी महिला से बातचीत करती है। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करता है। गत 23 अक्टूबर को उसे धक्के देकर घर से निकालने का प्रयास किया। उसकी बहन ज्योति व भाभी घर पर आई।

# शकूरपुर: निगम के पार्कों की सफाई को लेकर गंभीर नही है निगम पार्षद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**महेंद्र सिंह**

**त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर वार्ड-62 के अधिकांश पार्क उद्यान विभाग व स्थानीय निगम पार्षद की उपेक्षा का शिकार हैं, जिसके चलते पार्कों से हरियाली गायब होने के साथ ही अधिकांश निगम के पार्क कूडे का खत्ता ही बनकर रह गए हैं।

इसी कड़ी में शकूरपुर का ई ब्लॉक निगम पार्क काफी लंबे समय से पार्षद की उदासीनता का शिकार हैं। इतना ही नहीं पार्क में चारों ओर गंदगी ही गंदगी फैली हुई नजर आती हैं, जैसे कि महीनों से कोई सफाई कर्मी पार्क में आया ही न हो।





**क्या कहती हैं जनता जर्नादन:**

हरीराम गुप्ता (स्थानीय निवासी) ने बताया जब यह पार्क बनाया गया था तो लोगों की सहुलियत को देखते हुए बनाया था, पार्क में चारो ओर हरियाली ही हरियाली नजर आती थी, लेकिन धीरे-धीरे पार्क में सफाई होना बंद हो गई, जिससे कि अब लोगों ने पार्क में आना ही बंद कर दिया हैं। रजनी देवी (स्थानीय दुकानदार) का कहना हैं कि पार्क की साफ-सफाई के लिए महीनों से निगम की ओर से एक भी सफाई कर्मी नहीं आया हैं। जिसके चलते पार्क गंदगी का शिकार हुआ हैं। वहीं उन्होंने बताया कि हम गली वाले मिलकर कई बार पार्षद कार्यालय भी गए थे, लेकिन वहां जाने का भी कोई लाभ नहीं हुआ। जितेंद्र अग्रवाल(स्थानीय निवासी) ने बताया कि पार्क की साफ-सफाई को लेकर हमारे निगम पार्षद जरा भी गंभीर नहीं हैं। जिसके चलते ई ब्लॉक पार्क का ही बुरा हाल नहीं हैं बल्कि शकूरपुर के अधिकांश पार्कों का ही बुरा हाल है। हमने कई बार निगम के संबधित अधिकारी व पार्षद साहब से सफाई करवाने के लिए शिकायत की थी, लेकिन माह बीन जाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई हैं।

## सावन पार्क: रामलीला की तैयारियां पूरी, आज से होगा मंचन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**धार्मिक** एकता मंच के प्रधान व पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रभु श्रीराम की लीला मंचन के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी है। आज से प्रभु की लीला के मंचन की शुरूआत की जायेगी। उन्होंने आगे बताया कि इस बार तीन पुतलों का दहन दशहरा के दिन किया जायेगा। उन्होंने आगे यह भी बताया कि इस बार रामलीला ग्राउंड में बड़ी एलडीईई स्क्रीन भी लगाई है। रामलीला में अनुभवों कलाकारों के द्वारा प्रभु श्री राम की लीला का मंचन किया जायेगा और भक्तों के बैठने की उचित व्यवस्था की गई है।

# शालीमार बाग में निकाली जायेगी आज भव्य कलश यात्रा: ज्योति सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार बाग** के महिला शक्ति मंडल की चेयरपर्सन ज्योति सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज से कलश यात्रा के साथ मां दुर्गा पूजा महोत्सव और श्रीमद् दुर्गा सप्तशती कथा की शुरूआत की जा रही है।

इस कार्यक्रम का आयोजन 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक शालीमार बाग के डॉ. साहिब सिंह वर्मा सामुदायिक भवन में किया जायेगा।

**सैनी धर्मशाला से होगी कलश यात्रा का शुरूआत:**



चेयरपर्सन ज्योति सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि कलश यात्रा की शुरूआत शिव मंदिर सैनी धर्मशाला से की जायेगी। और कलश यात्रा का समापन डॉ. साहिब सिंह वर्मा सामुदायिक भवन पर किया जायेगा।

**15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक चलेगा कार्यक्रम:** मंडल की चेयरपर्सन ज्योति सैनी ने जानकारी देते हुए आगे बताया कि मां दुर्गा पूजा महोत्सव और श्रीमद् दुर्गा सप्तशती कथा 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2023 तक चलेगी और 9 दिवसीय कार्यक्रम के पश्चात दसवें दिन विर्सजन किया जायेगा।

# आजादपुर: ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट की हुई अहम बैठक





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** आजादपुर स्थित ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर फ्रंट के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने बैठक में अपने-अपने विचार रखे। राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ने भाई ढिकोलिया ने सभी की बातों को गंभीरता और ध्यानपूर्वक सुना। खन्ना भाई ढिकोलिया ने आगे बताया कि इस बैठक में संगठन विस्तार को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। श्री ढिकोलिया ने कहा कि अगर समाज का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह हमसे संपर्क कर सकता है, उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा।

इस मौके पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना भाई ढिकोलिया, रामरतन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अनिल ढिलौड राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र सूद, राष्ट्रीय सचिव नरेश कीर, राष्ट्रीय सचिव जयभगवान महरौलिया, राजेन्द्र ढिढोरिया, राष्ट्रीय संगठन मंत्री दीपक, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय महरौलिया, प्रदेश महासचिव राजपाल टोनी, मीडिया प्रभारी विशाल, सीमा चंदेल, सीमा मरोठिया, मुकेश चड्डा, राजू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नांगलोई : पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे है बेहद जरूरी: हेमलता वरूण



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पर्यावरण को** शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी है, क्योंकि यह हमें जीवन के लिए ऑक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। पौधारोपण सबकी जिम्मेदारी है। वहीं नांगलोई विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त वार्ड-48 में रहने वाली समाजसेविका व सुता फाउंडेशन की संस्थापिका हेमलता वरूण ने कहा कि हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण स्वच्छ है तभी जीवन स्वस्थ्य है। पौधे जब बड़े होते हैं तो यह हमें फल, फूल व छाया सहित जीवन जीने के लिए ऑक्सीजन देते हैं। पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। हमारे आस-पास हरियाली दिख रही है। इस कर्तव्य को पूरा करने का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। **पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारी:** प्रत्येक व्यक्ति अपने आस-पास ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। इससे हमें स्वच्छ हवा मिलेगी। हम कई तरह की बीमारी से बच सकते हैं। कई तरह की गंभीर बीमारियां पर्यावरण के दूषित होने से बढ़ रही हैं।












# विश्व मानक दिवस के अवसर पर मानक महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** भारतीय मानक ब्यूरो, फरीदाबाद शाखा कार्यालय द्वारा 14/10/2023 को विश्व मानक दिवस के अवसर पर मानक महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री के आर गुप्ता, अध्यक्ष आई ई आई ने की। कार्यक्रम की शुरूआत मानक गीत की प्रस्तुति के साथ की गयी। कार्यक्रम के दौरान भारतीय मानक ब्यूरो के महानिदेशक श्री प्रमोद तिवारी का विशेष सन्देश सबको सुनाया गया। कार्यक्रम में श्रीमती विभा रानी, शाखा प्रमुख की तरफ




से इस वर्ष की थीम और राष्ट्रीय और अंतर्राट्रीय स्तर पर आईएसओ/आईईसी/आईटीयू के मानकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वैज्ञानिक/विशेषज्ञों के बहुमूल्य योगदान पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में श्री अमित दुग्गल (ड़ी एम सी लैब), श्री सुमित त्यागी (एबीबी) और श्री संदीप अग्रवाल (जिंदल स्टेनलेस) ने तकनीकी व्याख्यान प्रस्तुत किया जो की सतत विकास के लक्ष्यों पर आधारित थे। कार्यक्रम में विभिन्न तकनीकी, शैक्षिक तथा औद्योगिक क्षेत्रों के लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि और शाखा प्रमुख द्वारा बीआईएस फरीदाबाद शाखा के सबसे पुराने लाइसेंसधारियों, बीआईएस स्टैंडड्र्स क्लब में उत्साहपूर्वक काम करने वाले मेंटर्स, रिसोर्स पर्सन्स तथा एक्सपोजर दौरों को सफल बनाने वाले लाइसेंसधारियो एवं प्रयोगशालाओं को भी सम्मानित किया गया। सभी के द्वारा कार्यक्रम की जोर सोर से प्रशंसा की गई।

# नए बिजली कनेक्शन की केबल निगम उपलब्ध करवाएगा : अमित खत्री

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम अपने उपभोक्ताओं को स्वयं सर्विस कनेक्शन केबल उपलब्ध करवाएगा। प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के पास एक (सिंगल) फेस के नए कनेक्शन जारी करने के लिए पीवीसी केबल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। निगम ने सभी ऑपरेशन उपमंडल कार्यालय में उसका अग्रिम आवंटन कर दिया है। उन्होंने बताया कि अब से, यदि आवंटन के बावजूद उपभोक्ताओं से पीवीसी केबल मांगने की कोई शिकायत सामने आती है, तो इसे बहुत गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी अधिकारी एवं कर्मचारी के



खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संदर्भ में सभी संबंधितों को सख्त और सावधानीपूर्वक अनुपालन के लिए उचित निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बिजली निगम के स्टोर में पर्याप्त केबल उपलब्ध है। नए कनेक्शन को ध्यान में रखते हुए, सभी ऑपरेशन उपमंडल के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सिंगल फेस के नए कनेक्शन जारी करने के लिए निगम के पास उपलब्ध एलटी पीवीसी केबल का ही उपयोग करें। इस संबंध में संबंधित उपभोक्ताओं से फीडबैक लें और यह सुनिश्चित करें कि आवेदक से फील्ड स्टाफ द्वारा किसी पीवीसी की मांग नहीं की जा रही है तथा उपभोक्ता को शीघ्र ही नया बिजली कनेक्शन जारी करें। इसके अलावा, फील्ड कार्यालयों की सुविधा के लिए, उनके मासिक उपभोग के आधार पर सिंगल फेस कनेक्शन जारी करने के लिए पंद्रह दिनों की औसत आवश्यकता के बराबर पीवीसी केबलों को अग्रिम रूप से आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। उपयोग की गई मात्रा के विरुद्ध पुनःपूर्ति संबंधित उपमंडल से उपयोग प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद कर दी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### झज्जर :मैट्रो स्टेशन के नीचे ट्रक ने महिला को कुचला

**-हाइवा चालक के खिलाफ पुलिस ने किया केस दर्ज**

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**

बहादुरगढ़ में रोहतक-दिल्ली रोड पर पंडित श्रीराम मेट्रो स्टेशन के नीचे एक हाइवा ट्रक ने महिला को कुचल दिया। उसे गंभीर चोट आई। पीजीआईएमएस रोहतक में इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। स्थानीय पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। इस संबंध में हाइवा चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

मृतका की पहचान करीब 50 वर्षीय लक्ष्मी देवी के रूप में हुई है। लक्ष्मी देवल मूल रूप से बिहार के जिला औरंगाबाद की रहने वाली थी। पिछले कुछ समय से यहां परिवार सहित छोटूराम नगर में रह रही थी। एमआइई पार्ट-2 स्थित एक कंपनी में काम करती थी। रोजमर्रा की तरह शनिवार की सुबह ड्यूटी के लिए घर से निकली। जब पंडित श्रीराम मेट्रो स्टेशन के नीचे सड़क क्रास कर रही थी तो एक डंपर के नीचे आ गई। काफी दूर तक डंपर उसे घसीटता ले गया। उसे गंभीर चोट आई।

राहगीरों ने देखा तो तुरंत संभाला और अस्पताल में ले गए। जहां से उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। हालत गंभीर थी। पीजीआई में ले गए तो वहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दी। सूचना पाकर एमआइई चौकी पुलिस हरकत में आई और आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई। एक टीम शव का पोस्टमार्टम कराने पीजीआई रोहतक में गई। इस संबंध में परिजनों के बयान पर डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### हिसार : पहले पति को छोड़कर दूसरे से किया प्रेम विवाह, अब उसको भी छोड़ भागी

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

बरवाला थाना क्षेत्र के ढाड निवासी युवक के साथ तीन वर्ष पूर्व प्रेम विवाह करने वाली महिला डेढ़ साल की बच्ची को पति के पास छोड़कर फरार हो गई। उसकी कई जगह जानकारी में तलाश की गई, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। फिलहाल यह दंपति आजाद नगर क्षेत्र में रह रहा था।

ढाड गांव निवासी अनिल ने बताया कि करीब तीन साल पहले गांव की एक विवाहित महिला से बातचीत शुरू हुई थी। महिला का पहला पति शराबी था। इस कारण महिला उसके साथ रहने लगी। दोनों को प्यार हो गया। इसके बाद वह लिव इन रिलेशन में हिसार की माल कॉलोनी कैमरी रोड पर किराए के मकान में रहने लगा। बाद में दोनों ने मैरिज कर ली थी। शादी के बाद पत्नी ने बेटी को जन्म दिया।। उसने बताया कि बीती रात को उसकी पत्नी उसे धोखा देकर चली गई। वह डेढ़ साल की बेटी को भी उसके पास ही छोड़ गई है। उसने कहा कि डेढ़ साल की बेटी उसके पास है। अब उसे संभालने में बेबस है। अब वह बच्ची को अपने पास रख कर संभाले या फिर काम करे। उसने इसकी शिकायत आजाद नगर थाना में दी। पुलिस ने केस दर्ज करके महिला की तलाश शुरू कर दी है।

### कैथल: पितृ पक्ष की अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने फल्गु तीर्थ पर करवाया पिंडदान

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

पितृ पक्ष की अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गांव फरल में फल्गु तीर्थ पर अपने पितरों का पिंडदान करवाया। प्रदेश के कोने-कोने के अलावा अन्य राज्यों से भी हजारों श्रद्धालु पहुंचे और तीर्थ में पवित्र स्नान कर अपने पितरों के निमित्त पूजा-अर्चना और पिंडदान किया। तीर्थ की महिमा का वर्णन हमारे प्राचीन शास्त्रों और पुराणों में भी आता है। महाभारत के वनपर्व और गरुड़ पुराण में इसका उल्लेख आता है।

तीर्थ पुरोहित नरेंद्र शर्मा, भीम सेन शर्मा, सुखदेव, युद्धवीर शर्मा, संदीप शर्मा, मुला राम शर्मा ने बताया कि यह तीर्थ अति प्राचीन है, जो आदिकाल से फल्कीवन के नाम से प्रसिद्ध हुआ है। यहां पर श्री फल्गु ऋषि द्वारा घोर तपस्या की गई थी, जिसके प्रताप से ये पुरा क्षेत्र उनकी तपोस्थली रहा है। गयासुर के वरदान के कारण आश्विन मास की सोमवती अमावस्या आने पर पूरी श्रद्धा पक्ष के दौरान यहां पर बड़ा भारी मेला लगता है, जिसमें देश और विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचते है। ग्रामीणों के अनुरोध पर विधायक रणधीर सिंह गोलन ने तीर्थ के रखरखाव व मुरम्मत आदि के लिए एक करोड़ रुपए की ग्रांट देने की घोषणा की है, जिससे तीर्थ के टूटे लाल पत्थर और चार दिवारी आदि की रिपेयर करवाई जाएगी।

## हिसार : सब्जी मंडी में बैठे बुजुर्ग को ट्रक ने कुचला, फरार

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

शनिवार को शहर की सब्जी मंडी में सब्जी लेने गए एक बुजुर्ग को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया और फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया गया है।

हिसार के वार्ड नंबर-12 योग स्कूल शिव नगर निवासी हरीश उसका पिता चन्द्रभान सब्जी लेने के लिए सब्जी मंडी आए हुए थे। वहां पर बुजुर्ग मंडी के बाहर साइड में बैठ गया। अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक आया। ट्रक ने उसके पिता को कुचल डाला। ट्रक उसके पैरों को रौंदता हुआ चला गया।

# लावारिस मिले 8 वर्षीय नाबालिंक बच्चे को पुलिस ने किया परिजनों के हवाले

**सराहनीय कार्य**

**8 पुलिस टीम को करीब 8 वर्षीय लडका चावला कॉलोनी के 100 फुट रोड में लावारिस अवस्थाम में मिला है।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी चावला कॉलोनी की टीम ने लावारिस अवस्था में मिले बच्चे को परिजनों तक पहूंचाने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गस्त पर थी पुलिस



टीम को करीब 8 वर्षीय लडका चावला कॉलोनी के 100 फुट रोड में लावारिस अवस्थाम में मिला है। बच्चे से नाम पता पूछा तो बच्चे ने नाम बताया लेकिन माता-पिता का नाम व घर का पता बताने में असमर्थ था। बच्चे के संबंध में पुलिस चौकी चावला कॉलोनी इंचार्ज उप निरीक्षक देवदत्त ने तुरंत एक टीम बनाई और बच्चे को पीसीआर की मदद से एरिया में घुमाया साथ ही पुलिस कन्ट्रोल रुम की मदद से सभी थाना व चौकी में सूचना भेजी। पुलिस के सभी सोशल मीडिया, रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के व्हाट्सएप ग्रुप की मदद ली गई। काफी तलाशी के बाद बच्चे के माता पिता का पता लगा। बच्चे की पहचान के बाद बच्चे को सख्त हिदायत देते हुए परिजनों के हवाले किया है।

बच्चे को पाकर परिजनों ने फरीदाबाद पुलिस का तहे दिल से धन्यवाद किया।

## डी.ए.वी. शताब्दी महाविद्यालय में श्रीमद् भगवदगीता पर आधारित भावात्मक और अध्यात्मिक संवर्धन से प्रेरित कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )**। डी.ए.वी. शताब्दी महाविद्यालय में एक कार्यशाला का प्रारंभ किया गया । यह कार्यशाला श्रीमद् भगवदगीता पर आधारित रही। यह कार्यशाला भावात्मक और अध्यात्मिक संवर्धन से प्रेरित रही। इस कार्यशाला में अनेक वक्ता सम्मिलित हुए । जिन्होंने अपने विचारों से सभी विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। यह कार्यशाला फरीदाबाद इस्कॉन से जुड़ी हुई थी । इस कार्यशाला को सफलता से पूर्ण होने पर हमारी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता भगत जिन्होंने बच्चों को ऐसे अध्यात्मिक



गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया तथा इस्कॉन के प्रेसिडेंट स्वामी गोपीसवर प्रभु जी तथा सभी वक्ताओं का धन्यवाद किया गया। इस कार्यशाला के पूर्ण होने पर विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट दिए गए। इस कार्यक्रम की संयोजक्ता डॉ. सोनिया नरूला तथा सह-संयोजक्ता श्रीमति वंदना नांगिया रही ।

## हिंदू कन्या महाविद्यालय की फुटबाल खिलाड़ी का भारतीय टीम में चयन

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

जींद के हिंदू कन्या महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अंशिका मलिक का भारतीय फुटबाल टीम में चयन हुआ है। अंशिका टीम में कीपर के रूप में चयनित हुई हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधान डा. अंशुल सिंगला ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की उपलब्धि हमारे महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। महाविद्यालय प्राचार्या डा. पूनम ने खिलाड़ी की उपलब्धि पर उसे शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छोटे से गांव से संबंध रखने वाली खिलाड़ी का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचना निश्चित रूप से सभी खिलाड़ियों के लिए मार्ग दर्शन का कारण बनेगा।

## भ्रूण लिंग जांच गिरोह का पर्दाफाश, तीन दबोचे, चिकित्सक फरार



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हिसार व सिरसा की पीएनडीटी टीम ने बरवाला के एक मकान में छापा मारकर भ्रूण लिंग जांच का पदार्फाश किया है। इस दौरान मुख्य आरोपित डॉक्टर भाग निकला जबकि महिला सहित तीन को टीम ने दबोच लिया। टीम ने अपना जाल बिछाने के लिए एक गर्भवती महिला को नकली ग्राहक बना कर डॉक्टर के पास भेजा था। डॉक्टर ने एंबुलेंस चालक के माध्यम से 50 हजार रुपए लेकर रात को भ्रूण लिंग जांच की।

इस संबंध में सिरसा स्वास्थ्य विभाग की पीएनडीटी टीम को सूचना मिली थी कि हिसार के बरवाला में डा. अनंतराम गिरोह बना कर भ्रूण लिंग जांच का धंधा चला रहा है। इस सूचना पर हिसार के एसएमओ कम नोडल अफसर पीएनडीटी टीम डॉ. प्रभु दयाल व एएसएमओ डा. कामिद मोंगा के नेतृत्व में हिसार-सिरसा की संयुक्त टीम का गठन किया गया।

पीएनडीटी टीम ने गर्भवती महिला सरोज को नकली ग्राहक बनाया। महिला को उसके पति राजेंद्र कुमार, एंबुलेंस चालक सुरेंद्र के साथ भेजा। सौदा तय होने के बाद महिला को बरवाला बुलाया। बताए गए स्थान पर महिला को लेकर उसका पति व एंबुलेंस चालक शनिवार रात नौ बजे बरवाला के दहिया सर्विस स्टेशन हिसार रोड पहुंच गए।

इसके बाद कृष्ण नामक व्यक्ति सरोज की आंखों पर पट्टी बांध कर मोटरसाइकिल पर बैठा कर ले गया। महिला सरोज से 50 हजार रुपए एम्बुलेंस ड्राइवर सुरेंद्र के माध्यम से गिन कर लिए। सड़क से दूर कृष्णा कॉलोनी में एक मकान में लेकर गए। जहां पर डॉ.अनंतराम बरवाला द्वारा अल्ट्रासाउंड किया गया। डॉक्टर की दलाल सुनीता व कृष्ण मोटरसाइकिल पर बैठा कर छोड़ने आए।

सुनीता ने एंबुलेंस चालक सुरेंद्र को बताया कि सरोज के गर्भ में एक लड़की है। इसके बाद पीएनडीटी टीम के सदस्यों ने सुनीता और कृष्ण को काबू कर लिया। टीम सुनीता को उसी घर पर लेकर आई जहां अल्ट्रासाउंड हुआ था।

## सेवानिवृत कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन ने किया मांगों पर मंथन

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

जींद की जाट धर्मशाला में शनिवार को रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक प्रधान किताब सिंह भनवाला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें सभी ब्लॉकों के प्रधान, महासचिव और कोषाध्यक्षों ने भाग लिया।

बैठक में सर्व प्रथम रिटायर्ड रिटायर्ड कर्मचारियों की महत्वपूर्ण मांगों जैसे 65, 70, 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद बेसिक पेंशन में पांच, दस और 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की मांग की गई, क्योंकि यह सुविधा पंजाबए हिमाचल आदि राज्यों में पहले से ही लागू है। कैशलेस मेडिकल सुविधा लागू करने व



मेडिकल भत्ता 1000 मासिक से बढ़ाकर 3000 मासिक करने की मांग भी बैठक में उठी।

फैमिली पेंशनर्स को एलटीसी सुविधा देना, कॉम्यूटेशन की रिकवरी 15 वर्षों की बजाय 12 वर्षों में करना, सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालयों द्वारा रिटायर्ड कर्मचारियों के हक में दिए गए फैसलों का सामान्यीकरण करके लागू करना आदि मांगों पर मंथन किया गया।

एसोसिएशन ने सरकार से मांग की कि इन महत्वपूर्ण मांगों को मानते हुए उनको लागू किया जाए। रिटायर्ड कर्मचारियों की इन मांगों को सरकार से मनवाने के लिए ज्वांइट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा के बैनर चले काफी लंबे समय से संघर्ष किया जा रहा है।

इस संघर्ष की कड़ी में 27 अक्टूबर को करनाल के कर्ण पार्क में कमीशनरी स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा और मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम कमिश्नर को सौंपा जाएगा।

# खराब मुद्रा और स्क्रीन की लत 'टेक्स्ट-नेक सिंड्रोम' को ट्रिगर कर सकती है- विषेशज्ञ

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** फरीदाबाद स्क्रीन के सामने लंबे समय तक रहने के साथ-साथ खराब मुद्रा और कार्यस्थल में अपर्याप्त एर्गोनॉमिक्स के कारण आज के व्यक्ति, विशेष रूप से युवा वयस्क, 'टेक्स्ट-नेक सिंड्रोम' जैसी रीढ़ से संबंधित स्थितियों का शिकार हो रहे हैं। अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद के एक प्रमुख विशेषज्ञ के अनुसार, गर्दन की मांसपेशियां तनावग्रस्त और कठोर हो जाती हैं, जिससे लंबे समय में रीढ़ की हड्डी में जटिलताएं पैदा होती हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि खराब मुद्रा युवा और मध्यम आयु वर्ग के व्यक्तियों में गर्दन और पीठ दर्द का प्राथमिक कारण है, जिससे काम छूट जाता है, अस्पताल जाना



पड़ता है और इलाज का खर्च उठाना पड़ता है। समय के साथ, यह रीढ़ की हड्डी की डिस्क को नुकसान पहुंचाता है, मांसपेशियों में ऐंठन का कारण बनता है, और क्रोनिक दर्द, डिस्क विकृति और यहां तक कि सर्जरी का कारण बन सकता है, जो अंततः जीवन भर की शारीरिक हानि का कारण बन सकता है। विश्व स्पाइन दिवस (16 अक्टूबर) से पहले एक वेबिनार को संबोधित करते हुए, अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद में स्पाइन सर्जरी के प्रमुख डॉ. तरूण सूरी ने कहा, "हमारे ओपीडी रोगियों में पीठ और गर्दन में दर्द का सबसे आम कारण खराब मुद्रा बन गया है। उल्लेखनीय रूप से, हमारे ओपीडी के लगभग 70% मरीज इसी श्रेणी में आते हैं। खराब स्क्रीन शिष्टाचार भी इस तरह के दर्द का एक प्रमुख कारण है। लोग अक्सर लंबे समय तक गर्दन झुकाकर अपने गैजेट का उपयोग करते हैं, जिससे "टेक्स्ट-नेक सिंड्रोम" नामक स्थिति उत्पन्न होती है। 25 से 45 वर्ष की आयु के व्यक्ति पोस्टुरल पीठ दर्द से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। हाल ही में, हमने 10-20 वर्ष की आयु के बच्चों को भी रीढ़ की हड्डी में दर्द का अनुभव करते हुए देखा है। इस संबंध में, यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि पीठ और गर्दन का दर्द पुरुषों और महिलाओं दोनों में आम है। खराब मुद्रा के पीछे प्रमुख कारक खराब कार्यस्थल एर्गोनॉमिक्स हैं, जिसके कारण उचित कुर्सी और डेस्क की ऊंचाई के बिना लंबे समय तक बैठना पड़ता है, जिससे पीठ के निचले हिस्से और गर्दन पर काफी तनाव पड़ता है। क्रोनिक तनाव किसी की रीढ़ की हड्डी के स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हो सकता है। तनाव के कारण गर्दन, पीठ के ऊपरी हिस्से और कंधे की मांसपेशियां कड़ी हो जाती हैं, जिससे गलत संरेखण और खराब मुद्रा हो सकती है। न्यूरोसर्जरी के सीनियर कंसलटेंट डॉ. सत्यकाम बरुआह ने कहा,, "युवा अवस्था में मुद्रा संबधित मुद्दों को नजरअंदाज करना हानिरहित लग सकता है, लेकिन लंबे समय में परिणाम गंभीर हो सकते हैं। इसमें डिस्क अधः पतन और प्रोलैप्स के कारण तंत्रिका या रीढ़ की हड्डी के संपीड़न की संभावना, साथ ही कमजोरी, पक्षाघात, या यहां तक कि किफोसिस और स्कोलियोसिस जैसी रीढ़ की हड्डी में विकृति की संभावना शामिल है। अच्छी मुद्रा को प्राथमिकता देना केवल दिखावे के बारे में नहीं है; यह आपके भविष्य के स्वास्थ्य और गतिशीलता की सुरक्षा के बारे में है। आज के युवाओं को यह महसूस करना चाहिए कि शुरूआती चेतावनी के संकेतों से उन्हें और अधिक सचेत होना चाहिए।

# 420 ग्राम गांजा सहित आरोपी को क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। डीसीपी क्राइम हेमेंन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराधिक गतिविधियो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने अवैध नशा तस्करी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी हरिओम फरीदाबाद के गांव मुजेसर का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचन



से गांव मुजेसर के एरिया में से काबू किया था। आरोपी की तलाशी ने पर आरोपी से 420 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ थाना मुजेसर में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी गांजा को प्रहलादपुर झुग्गियों में किसी अनजान व्यक्ति से 1000/-रु में खरीद कर लाया था। आरोपी पर इससे पहले थाना मुजेसर में नशा तस्करी के 4 मामले दर्ज है। आरोपी को पूछताछ अदालत में पेश कर नियमानुसर कार्रवाई की गई है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group




# 'महिलाओं के खिलाफ अपराधों में आई गिरावट'

## मिशन शक्तिः हर क्षेत्र में संभावनाएं, उनको समय से चुनने और उस पर सरपट दौड़ने की आवश्यकताः सीएम योगी

**सम्मान**

**8 सफलता यह बताती है कि कुछ भी असंभव नहीं है। केवल प्रयास की आवश्यकता है : सीएम योगी**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**भारतीय परंपरा** में देवी के नौ स्वरूपों में से तीन महत्वपूर्ण पक्षों को लेकर आराधना होती है। इनमें एक देवी का पक्ष सत्य, दूसरा पक्ष ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी के रूप में होता है, जबकि तीसरा पक्ष खुशहाली और ऐश्वर्य के रूप में होता है। कार्यक्रम में तीनों देवियों के प्रतीक के रूप में नवरात्रि के एक दिन पहले विशिष्ट अतिथियों पद्मश्री हेमा प्रभा सोतिया, इसरो वैज्ञानिक ऋतु करिधल श्रीवास्तव और एचसीएल की चेयरपर्सन रोशनी नाडर मल्होत्रा को सम्मानित करने का अवसर मिला। वह महिला सशक्तिकरण के रूप में कार्यक्रम में मौजूद हैं।

### आदि शक्ति ने वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल को नई ऊंचाइयों को पहुंचाया

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश सरकार एक करोड़ परिवारों को पेंशन की सुविधा दे रही है। इनमें से 31 लाख से अधिक निराश्रित महिलाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में एक करोड़ 75 लाख परिवार को फ्री में उज्ज्वला रसोई गैस के कनेक्शन उपलब्ध करवाए गए हैं। इन सभी को जल्द से जल्द आधार से लिंक किया जा रहा है, ताकि दीपावली से पहले उन्हें फ्री में सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सके। इतना ही नहीं प्रदेश में 55 लाख से अधिक परिवारों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के माध्यम से 66 लाख परिवारों को मलिकाना अधिकार दिलवाया गया है। इन सभी योजनाओं में अधिकतर महिला लाभार्थी शामिल हैं।

# 'बेटियों से संबंधित योजनाओं को गति देने के लिए चलेगा महा अभियान'

**शक्ति अभियान**

**8 जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य की कार्यशालाओं का भी आयोजन होगा**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**नारी** सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए योगी सरकार का मिशन शक्ति अभियान अपने चौथे चरण में पहुंच गया है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार अब बेटियों से संबंधित योजनाओं को और तेज गति देने के लिए महा अभियान शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रदेश में आगामी दिनों में तमाम मेगा इवेंट और अन्य आयोजनों के साथ महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। मुख्यमंत्री की मंशा है कि प्रदेश में महिलाएं खुद को ना केवल सुरक्षित महसूस करें बल्कि उन्हें उनके अधिकारों और सरकार की ओर से उनके लिए चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी भी हो, जिससे वे योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री योगी आदितयनाथ के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जहां 16 से 22 अक्टूबर तक जागरूकता सप्ताह का आयोजन होगा।

















